गोपाल कवि

कृत

रीतिकालीन साहित्य के वैविध्य में

दंपति वाक्य विलास

संपादक

डा० चन्द्रभान रावत

[हिन्दी विभागध्यक्ष, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान]

डा० राम कुमार खंदेलवाल

[रीडर, हिन्दी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद]

प्रकाशक

हिन्दी अकादमी

हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)

क्रमाणिका

प्रस्थावना

आभार

प्रकाशक की ओर से

१	प्रथम विलास	भूमिका	१
२	द्वितीय विलास	प्रदेस सुख ..	१०
३	तृतीय विलास	मास प्रबध	१७
४	चतुर्थ विलास	निज देश प्रबध	२७
५	पचम विलास	अमल प्रबध	४४
६	षष्ठ विलास	अथ खल प्रबध	५६
७	सप्तम विलास	निवास प्रबध	६५
८	अष्टम विलास	विद्या प्रबध	७२
९	नवम विलास	ग्रथ सूची	८२
१०	दसवा विलास	शास्त्र प्रबध	८६
११	एकादश विलास	भिक्षा प्रबध	११३
१२	द्वादश विलास	मदिर प्रबध	१२८

१३. त्रयोदस विलास :	देवालीन कौ रुजिगार..	१४१
१४. चतुर्दश विलास :	श्रम प्रबंध	१६६
१५. पचदसो विलास :	सहर प्रबंध	१७५
१६. षष्ठदस विलास :	राज प्रबंध	२०१
१७. सप्तदश विलास :	फिरंग प्रबध.......	२४८
१८. अष्टा-दश विलास :	बनज प्रबंध.	२६८
१९. ऊनविंशति विलास :	दुकानदारी..	२९१
२०. विंशो विलास :	अथ रकान प्रबध.. ..	३०७
२१. एक विंशो विलास :	अथ जाति प्रबंध	३५१
२२. द्वाविंशो विलास :	अधम प्रबंध	३५८
२३. त्रयो विंशो विलासः	अधमाधम रुजगार प्रबंध	३७२
२४. चतुर्विंशो विलास :	प्रकृत प्रबंध	३९१
२५. पंच विंशो विलास :	अथ परमात्म प्रबंध	४०३
२६. षटविंशो विलास :	शान्तरस प्रबंध	४४९
२७. सप्त विंशो विलास :	फूहर प्रबंध	४५६
२८. अष्ट विंशो विलास :	शिक्षा प्रबंध	४६५

आभार

रीतिकालीन साहित्य के वैविध्य की चर्चा प्राय रीतिकाल के मर्मज्ञ विद्वानों ने की है। 'दंपति वाक्य विलास' उसी मत को अपने ढंग से सिद्ध करने वाली रचना है। इसको इस रूप में प्रस्तुत करने में अनेक सूत्रों का संगठन हुआ है। उन सभी सूत्रों का महत्व है, हम सभी के प्रति आभारी हैं।

सबसे पहले हम वृन्दावन स्थित श्रीरंग जी के मन्दिर के गद्दीनशीन स्वामी श्री रंगाचार्यजी महाराज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस ग्रंथ की सबसे बड़ी प्रति श्री रंगलक्ष्मी पुस्तकालय वृंदावन में ही है। श्री रंगाचार्यजी की कृपा से वह पाठ-शोधन के लिए प्राप्त हो सकी। उनकी इस कृपा के बिना इसका संपादन-कार्य किस प्रकार पूर्ण नहीं होता।

जब इस ग्रंथ का प्रकाशन निश्चित हो गया, तब हमने स्व॰ डा॰ वासुदेवशरण अग्रवाल को पत्र लिखा कि वे ज्ञानकोशों की संस्कृत, प्राकृत, और आधुनिक भाषाओं की परम्परा को स्पष्ट करते हुए एक विशद् भूमिका लिखें, और आपने भूमिका लिखना स्वीकार भी कर लिया था। उन्होंने पत्र लिखा

प्रिय श्री चन्द्रभान जी,

'दंपति वाक्य विलास' पुस्तक की सामग्री रोचक जान पड़ती है। आप अवश्य सम्पादन करें। जब मुद्रित फार्म भेजेंगे, मैं भूमिका लिख दूंगा।

शुभेच्छु
वासुदेव शरण

और हमें खेद है कि मुद्रण-कार्य टलता गया। हम एक दिग्गज पारखी से भूमिका का प्रसाद न ले सके। परिणामत पुस्तक उनकी भूमिका के बिना ही प्रस्तुत की जा रही है। उनके प्रोत्साहन की गूंज तो बनी ही रही। सामग्री पर उनकी छाप तो लग ही गई। हम इस के लिए उस दिवंगत आत्मा के प्रति ऋणी हैं।

योजना यह भी थी कि हम श्री प्रभुदयालजी मीतल से कवि के जीवन संबंधी एक लेख लिखवा कर इस पुस्तक में दे दें। मीतलजी ने कवि का कुछ परिचय 'चैतन्यमत और व्रज साहित्य' में दिया है। साथ ही आपने 'दंपतिवाक्यविलास' पर एक लेख भी लिखा है। हमारे पूछ ने पर उन्होंने कवि के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं भी दी। इन सभी अन्तर्बाह्य सूत्रों के आधार पर कवि का परिचय प्रस्तुत किया गया है। श्री मीतलजी के सहयोग का मूल्य हम हृदय से स्वीकार करते हैं।

श्री अगर चन्द नाहटा का सहयोग भी कम महत्वपूर्ण नहीं रहा। आपने ही हमारा ध्यान इस ग्रंथ की मुद्रित प्रतियों की ओर

आर्कापित किया। आपने हमे उसकी मुद्रित प्रति दिलवाई भी, साथ ही कुछ अन्य प्रतियो की सूचना भी दी। 'सरस्वती' मे आपने इस ग्रथ पर एक लेख भी लिखा।

हम हिन्दी अकादमी के उन सभी सदस्यो के प्रति अपना आभार प्रकट करते है, जिन्होने इस ग्रथ के प्रकाशन का भार स्वीकार किया।

व्रज-भाषा के मर्मज्ञ विद्वान तथा कवि प० मधुसूदनजी चतुर्वेदी आचार्य सर वसी लाल बालिका विद्यालय, हैदराबाद के प्रति आभार प्रकट करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। हिन्दी अकादमी के मत्री होने के नाते उन्होने प्रकाशन की पूरी व्यवस्था की तथा प्रूफ सशोधन मे बहुत सहायता दी। सपादन मे भी उनके व्रज-भाषा ज्ञान का हमने पूरा लाभ उठाया तथा उनके अमूल्य सुझावो को अपनाया।

अकादमी के अध्यक्ष श्री वासुदेव नाईक, उपाध्यक्ष डॉ० राम निरजन पाडेय (प्रोफेसर व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय), तथा अन्य स्थायी सदस्य डॉ० राज किशोर पाडेय, डॉ० गया प्रसादजी शास्त्री, श्री बैज नाथ जी चतुर्वेदी, श्री ऋभुदेवशर्मा तथा श्रीमती शैलबालजी आदि के हम बहुत आभारी हैं, जिनकी सहायता से पुस्तक प्रकाशित होसकी।

अत मे हम उन सभी के प्रति आभारी है जिनसे हमने इस कार्य मे मार्ग दर्शन एव सहयोग प्राप्त किया।

चन्द्रभान रावत

दीपावली, स० २०२५ वि०　　　　रामकुमार खडलवाल

प्रकाशक की ओर से

हिन्दी अकादमी की स्थापना सन १९५६ ई० में हुई थी। इसके संस्थापक सदस्यों मे श्री डा० एस० भगवन्तम, डा० आर्येन्द शर्मा प० नरेन्द्रजी, डा० एस श्री देवी, श्री बदरी विशाल पित्ती, श्रीमती सुशीला देवी विद्यालकृतता प्रमुख है। अपने अत्यन सीमित साधनो के बल पर भी अकादमी ने हिन्दी मे ग्रथो के प्रकाशन का कार्य अपने हाथ मे लिया है। अकादमी मलिक मुहम्मद जायसी की शोध मे प्राप्त कृ न 'चित्ररेखा' का प्रकाशन करना चाहती है। डा० राम निरन्जन पाडेय उसकी भूमिका लिख रहे है। अकादमी ने दक्षिण की पाच प्रमुख भाषाये- तेलुगु तामिल, मराठी, कन्नड, और मलयालम की दो-दो चुना हुई कहानिया लेकर "श्रेष्ठ कहानिया" सग्रह प्रकाशित किया है। लेखको के आर्थिक सहयोग से अकादमी "साझके स्वर" और 'साहित्यक चिन्तन ' प्रकाशित कर सकी है। "दम्पति वाक्य विलास" अकादमी का चौथा प्रकाशन है।

'दपति वाक्य विलास का प्रकाशन अकादमी के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। डा० चन्द्रभान रावत हिन्दी विभागाध्यक्ष, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान और डा० रामकुमार खडेलवाल, रीडर हिन्दी विभाग, उस्मानियां विश्वविद्यालय, हैदराबाद के प्रति आभार प्रकट करना अकादमी अपना परम कर्त्तव्य समझती है, जिन्होने वृन्दावन निवासी राय गोपाल कवि के युग को प्रतिबिम्बित करने वाले इस ज्ञान-कोष का श्रम-पूर्वक सम्पादन कर अकादमी को इसके प्रकाशन का अवसर प्रदान किया।

अकादमी ने आन्ध्र प्रदेश के शिक्षा-मत्री माननीय श्री पी वी नरसिंह राव की सेवा में अनुदान के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अनुदान प्राप्त होने पर अकादमी अपने प्रकाशन कार्य मे बहुत आगे बढ सकेगी।

'दंम्पति-वाक्य-विलास' को यथा संभव सुन्दर बनाने का प्रयास किया गया है। सुहृद्जन अकादमी के इस प्रयास को अपना कर हमारा साहस बढ़ाएंगे- ऐसी आशा निराधार नहीं है।

राजा बहादुर सर बंसी लाल बालिका विद्यालय, बेगमबाज़ार, हैदराबाद दक्षिण (आं० प्र०)
चैत्र शु.१, २०२६ वि. १९-३-६९

मधुसूदन चतुर्वेदी
मंत्री
हिन्दी अकादमी

प्रस्तावना

१. कवि

१ *नाम*– श्री प्रभुदयाल मीतल ने इस कवि का मूल नाम गोपालदास दिया है। साथ ही उन्होने 'गुपाल कवि' को उनका उपनाम माना है।[1] 'दंपतिवाक्यविलास' मे गोपालदास तो किसी स्थान पर नही आया है। उसकी छाप में तीन नाम ही प्राय मिलते है। गुपाल कवि या कवि गुपाल राय और गुपाल। गुपाल कविराय भी मिलता है। दंपति वाक्यविलास की मुद्रित प्रति के ऊपर छपा है दंपति वाक्य विलास कविवर गोपालराय कृत।[2] विज्ञापन से भी यही नाम दिया गया है। इस प्रकार कवि का नाम गोपाल राय ही प्रतीत होता है, गोपालदास नही। मुद्रित प्रति में प्रत्येक विलास के अन्त मे भी 'गोपाल कविराय विरचित' दिया हुआ है। पता नही, मीतल जी को 'गोपालदास' नाम कहा से मिला। 'राय' वंश मे उत्पन्न होने के कारण गोपालराय नाम ही ठीक प्रतीत होता है। वंश में रायान्त नामो की परम्परा भी प्रतीत होती है। इनके पिता का नाम प्रवीण-राय या परगराय था।

२. काल

श्री जी मीतलजी ने इनके काल निर्धारण के संबंध में अपना मत इस प्रकार दिया है। 'उनके जन्म और देहावसान के ठीक-ठीक संवत् अज्ञात है।-किन्तु उनके रचना काल से उनका अनुमान किया जा सकता है। उनकी एक रचना 'श्री वृन्दावन धामानुरागावली' की पूर्ति सं १९०० में हुई थी। इससे उनका जन्म सं १८६० के लगभग और देहावसान सं १९३० के

---

१ चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ ३१३

२ दंपति वाक्य विलास, (बंबई, सं १९९८) मुख पृष्ठ।

लग-भग अनुमानित होता है। [3]. वृन्दावन धामानुरागावली से पूर्व ही 'दंपति वाक्य विलास' की रचना हुई थी। सं. १८८५ में यह ग्रंथ बना। [1]. इसके रचना काल से भी मीतल जी द्वारा निर्धारित तिथियों को मानने में बाधा नहीं पड़ती। 'दंपति वाक्य विलास' की तृतीयावृत्ति सं. १९६८ में हुई। किन्तु यह आवश्यक नहीं कि उस समय गोपाल कवि जीवित ही रहे हों। मुद्रित प्रति में इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिलती। प्रकाशकों को इस ग्रंथ की प्रति भी कवि से प्राप्त नहीं हुई थी। अतः कहा नहीं जा सकता कि सं. १९६८ में कवि जीवित था या नहीं। इन सब तिथियों के आधार पर कवि की कालगत स्थिति के संबंध में निश्चित तो कुछ नहीं कहा जा सकता, फिर भी मीतल जी का अनुमान ठीक प्रतीत होता है। कवि का संबंध रीतिकाल के अवसान-काल से है। रीतिकालीन प्रवृत्तियां कवि की कृति में स्पष्ट परिलक्षित होती हैं। साथ ही अंग्रेजी शासन भी जम गया था। उनकी व्यवस्था पर कवि ने विस्तार के साथ प्रकाश डाला है। किन्तु इस समय तक आधुनिकता का साहित्यगत उन्मेष नहीं हो पाया था।

३. स्थान

अन्तर्साक्ष्य से इतना निश्चित होता है कि कवि का जन्म वृन्दावन में हुआ था। अपने पिता के विषय में कवि ने लिखा है कि उनका निवास वृन्दावन के मनीपारे नामक मुहल्ले में हुआ था। पर आज उस मुहल्ले में रायों के घर नहीं हैं। पूछने पर भी इनके वंशजों के संबंध में कोई विशेष सूचना नहीं मिली।

---

३. चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृष्ठ ३१३

१. ठारह से पिच्यासिया पून्यो अगहन मास, दं वा वि. १ । १५

कुछ वयोवृद्धो ने इतना अवश्य बतलाया कि पहले यहां कुछ रायों के घर अवश्य थे। कवि ने मनीपारे का वर्णन बड़े गर्व के साथ किया है। गोपाल ने स्वयं लिखा है कि यहां मुख्यतः मिश्र लोगों के घर हैं और दो चार घर राय लोगों के भी हैं। "भनत गोपाल नाम चारिक हमारे घर ।[2] इस मुहल्ले में अधिकांश ब्राह्मणों का निवास थे। इस प्रकार गोपाल कवि वृन्दावन के मनीपारे नामक मुहल्ले के निवासी थे। वहीं उनका जन्म भी हुआ था। कवि ने वृंदावन-वास पर गर्व भी किया है —

> तीनि लोक जानी जहां वहै पटरानी एमी
> वृन्दावन जू की हम रहें राजधानी में।

४ कविवंश

'दंपति वाक्य विलास' में कविने अपने वंश का परिचय दिया है। इस परिचय में प्राप्त शृंखला इस प्रकार है। मुरलीधर—घनश्याम—प्रवीणराय—गोपालराय।[1] इस प्रकार कवि के पिता प्रवीणराय ठहरते हैं। मीतलजी ने लिखा है। "उनके पिता का नाम खड्गराय था। वे चैतन्य मतानुयायी रामवल्लभ भट्ट के शिष्य थे।" "उनके प्राचीन आश्रयदाता पटियाला महाराज कर्मसिंह के छोटे भाई अजीतसिंह थे।[2] ये सूचनायें मीतलजी ने 'दिग्विजय' भूषण के आधार पर दी है। आगे वे एक दोहे में गोपाल कवि ने अपने पिता का नाम खड्गराय भी दिया है। "परगराय परवीनसुत गोपाल यह नाम"[3]

---

१ प्रस्तुत ग्रंथ, १।४
२ चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ २१३
३ प्रस्तुत ग्रंथ ६।५

इसमें पिता के दोनों नाम-प्रवीनराय और परगराय-आये हैं। अनुमान लगाया जा सकता है कि परगराय संभवतः प्रवीणराय का विरुद होगा।

गोपाल कवि के वंश में काव्य-रचना की परम्परा रही। उनके पिता परगराय ने कई रचनाएँ की थी :–

जनमि प्रवीन ग्रंथ पिंगल औ, रसजाल
एकादसी कातग-महातम को गायो है। [1]

इस प्रकार काव्य शास्त्रीय और पौराणिक काव्य-धारा कवि गोपाल के पूर्वजों के प्रातिभ संस्पर्श से गति ग्रहण करती रही। स्वयं गोपाल कवि ने इसी परम्परा का निर्वाह किया। उनकी कृतियां भी इन्हीं दो वर्गों में विभाजित की जा सकती हैं। कोश ग्रंथ गोपाल की तीसरी प्रवृति से संबद्ध है। 'दंपति वाक्य विलास' एक ज्ञान-कोश है। इसकी प्रेरणा भी कवि के अनुसार, उसे अपने पिता प्रवीणराय से ही प्राप्त हुई। इस ग्रंथ की योजना और इसका उद्देश्य, दोनों ही बौद्धिक हैं।

कविताकृति सुखदु-ख के कवित वनाए दोइ।
कवि प्रवीन पितु कों जबहि, जाइ सुनाए सोइ।
है प्रसन्न ताही घरी आज्ञा मोकों दीन।
दंपतिवाक्यविलास सुत कीं जेंग्रय प्रवीन।
जिनकी आज्ञा पाय मैं कीनों ग्रंथ प्रकास।
कहत-सुनत याके सदा, होइ वुद्धि परगास।

कवि के वंश मे काव्य की चार प्रवृत्तियां मिलती हैं, काव्य शास्त्रीय, भक्तिभाव संबंधी, पौराणिक और ज्ञानकोशीय। इनका प्रतिनिधित्व कवि गोपाल की कृतियां करती हैं।

---

१. वही १। ४

५. कवि का सप्रदाय

कवि के पिता चैतन्य मतानुयायी थे । [2]. व्रज से चैतन्य मत का घनिष्ट सवध रहा है । व्रज के अनेक स्थानो पर चैतन्य मत और उसके आचार्य एव भक्तो से सबधित स्मृतिचिन्ह वर्तमान है । इस दृष्टि से राधाकुड और वृन्दावन का नाम विशेष उल्लेखनीय है । [3]. गोपाल कवि का वश भी इसी सप्रदाय में दीक्षित था । इस कवि के समान अन्य अनेक कवि भी इस सप्रदाय से सबधित रहे है । बहुत से कवियो को व्रजभाषा साहित्य को समृद्ध करने का श्रेय है । किन्तु अन्य सप्रदायो के व्रजभाषा कवियो की अपेक्षा, इस सप्रदाय के कवियो की सख्या कम अवश्य है ।

इस सप्रदाय के कवियो ने माधुर्य भाव से सबधित काव्य ही किया है । [4] गुपाल कवि की रचनाओ में कुछ मे इस भाव की विवृत्ति अवश्य है । समवत. मान पचीसी, रासपचाध्यायी जैसी कृतियो में माधुर्य की फुहारो की सिहरन है । अन्य रचनाओ में कवि का बौद्धिक पक्ष ही अधिक प्रकट हुआ है । सभी रचनाओं में श्री वृदावनधाम [1]. की महिमा का गायन अवश्य है । कवि 'काव्य शास्त्र के अच्छे विद्वान और व्रज-वृन्दावन के अनुपम अनुरागी थे । उन्होंने जहा काव्य के विविध अगो का विस्तृत विवेचन किया है, वहा व्रजभक्ति और

---

१ प्रस्तुत ग्रथ १ । १०--१२
२ प्रभुदयाल मीतल, चैतन्य मत और व्रज साहित्य, पृ. ३१३
३ विशेष विवरण के लिए दृष्टव्य, वही पृष्ठ १२४-१२५
४ इस प्रकार के कवियो में सूरदास मदनमोहन, गदाधर भट्ट जैसे कवियो का नाम स्मरणीय है ।
१ श्रीवृन्दावन धामानुरागावली में उसका वृन्दावन प्रेम बौद्धिक विवरणो और अनुसधान के साथ फूट पडा है ।

व्रजमहत्व पर भी यथेष्ट प्रकाश डाला है [2]. वृन्दावन वासियों की कृपा-कटाक्ष की कामना भी कवि ने की है 'वृन्दावन वासियों की कृपा कटाक्षहि पाऊं" । [3]. आज भी वृन्दावन वासी अनेक *चैतन्यमतानुयायी बगालियो की ऐसी भावना मिलती है ।*

'दपतिवाक्यविलास' के मगलाचरण में भी कवि का वृन्दावन प्रेम छलक रहा है । मगलाचरण मे 'राधिकारमण' का *स्मरण है -'राधिकारमण के चरन की सरनि मे, ।* 'मातृभूमि वदना' मे कवि ने वृन्दावन को 'स्यामा स्याम धाम सब पूरन करन काम 'कहा है । यमुना को' पटरानी 'नाम मे अभिहित किया है । इस प्रकार कवि के वृन्दावन-प्रेम मे चैतन्यमत के प्रभाव की छाया ढूढी जा सकती है ।

६ आश्रयदाता

मीतलजी के अनुसार इनके पिता पटियाला राज्याश्रित कवि थे । [4]. हो सकता है गोपाल कवि भी पटियाला राज्य मे *सबद्ध हो । पर, इसका स्पष्ट उल्लेख कही प्राप्त नही होता ।* मुद्रित प्रति के विज्ञापन में प्रकाशक ने लिखा है, "आजदिन महाराज श्री १०८ श्रीकृष्णगढाधिपति की कृपाकटाक्षा से दंपतिवाक्यविलास नामक ग्रंथ श्रीयुत कविगोपालराय निर्मित कवीश्वर श्री जयलाल के द्वारा मेरे हस्तगत होने से मेरी आशा पूरी हुई ।"

इससे प्रतीत होता है कि खेमराज श्रीकृष्णदास की पुस्तक की प्रति कृष्णगढ नरेश से प्राप्त हुई थी । ग्रंथ के अंत में कृष्णगढ के राजा पृथ्वीसिंह की प्रशस्ति मे दो छदं भी हैं —

---

२ प्रभूदयाल मीतल, चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ. ३१३

३. श्री वृन्दावन धामानुरागावली, का आरंभिक छन्द, मीतलजी द्वारा पृ. ३१४ पर उद्धृत ।

४. *चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ. ३१३.*

गजन के राजाधिपति, पृथ्वीसिह सुभूप ।
रजधानी श्रीकृष्णगढ, राजत दुर्ग अनूप ।
गो द्विज पालक वृत दृढ, घालक अरिदल शाल ।
दिनकर दिनकर-वश के, पृथ्वीसिह महिपाल । [1]

यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता कि ये दोहे कवि गोपाल के द्वारा रचित है अथवा प्रकाशक-सपादक की रचना है। अन्य प्रतियो में ये दोहे नहीं है, अत इनका गोपालराय के द्वारा रचा जाना सदिग्ध है। यदि ये कवि के द्वारा रचे हुए है, तो कृष्णगढ के राजा पृथ्वीसिह से भी कवि का सबध स्थापित हो जाता है। किशनगढ में उस समय इस प्रकार के कवियो का सम्मान विशेष था। पर, यदि कवि का सबध इस दरबार से होता तो वृन्दावनवाली प्रति में अवश्य ही इसका उल्लेख होता। इस लिए कृष्णगढ में कवि का सबध न मानना ही उचित प्रतीत होता है। इतना अवश्य है कि कवि का किसी राजा के दरबार मे सबध था। यह लगता है कि गोपालराय के पूर्वज पूर्णत किसी राजा के दरबार मे सबद्ध होंगे। गोपाल कवि का सबध उस दरबार से नाममात्र का रह गया होगा। यदि किसी राजा के पूर्णत आश्रित होकर गोपाल अपनी रचनाएँ करते तो कहीं न कहीं आश्रयदाता का नाम भी आता। वशवृत्ति का निर्वाह करते हुए भी कवि ने अपनी काव्य-साधना समवत स्वतत्र रहकर ही की।

२. कृतित्व

गोपाल कवि को प्रतिभा, अभ्यास और वश-परम्परा सभी कुछ मिला। इसी विरासत ने उन्हे एक बहुज्ञ कवि बना दिया। गोपाल कवि ने दपति वाक्य विलास के अन्तिम भाग में अपनी

---

१. दंपति वाक्य विलास (मुद्रित प्रति) पृ १२८

अठारह रचनाओं की सूची दी है। दूसरी ग्रंथ सूची श्री मीतल जी ने दी है। इस सूची में मीतलजी ने सत्रह रचनाएँ गिनाई है। इन दोनों सूचियों में समान रूप से उल्लिखित केवल पाच रचनाएँ है। दंपति वाक्य विलास, मान पचीसी, रससागर, रास पचाध्यायी, और व्रजयात्रा। मीतलजी ने इनके अतिरिक्त ये रचनाएँ और गिनाई हैं। दूषण विलास, ध्वनिविलास, भावविलास भूषणविलास, व्रजयात्रा, वृन्दावन महात्म्य, श्री वृन्दावन धामानुरागिनी, बंसीलीला, वर्षोत्सव, गोपालभट्ट चरित, वृन्दावन वासिन कवित और भक्तमालटीका। इन रचनाओं में काव्य शास्त्रीय रचनाएँ अधिक हैं। कवि द्वारा दंपत्तिवाक्यविलास के अत में दी हुई सूची में ये रचनाएँ ऐसी हैं, जिनका उल्लेख मीतल जी ने नही किया है दानलीला, प्रश्नोत्तर, षट्ऋतु, नखशिख, चीर-हरण, वनभोजन, वेणुगीत, दशम कवित, अक्लनामा, गुरुकौमुदी जमुनाष्टक गगाष्टक, और वृन्दावन विलास। इनमें अधिकाश रचनाएँ कवि के भक्तिभाव को प्रकट करने वाली रचनाएँ हैं। मीतल जी ने अपनी सूची के स्रोत के संबंध में कुछ भी सूचना नहीं दी है। इससे इसकी प्रामाणिकता के सबंध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

उक्त दोनो सूचियों को ध्यान में रखकर, गोपाल कवि के कृतित्व का विश्लेषण इस प्रकार किया जा सकता है। कवि गोपाल के काव्य-कर्म की तीन दिशाएँ हैं: काव्य-शास्त्रीय, भक्तिमूलक, और ज्ञानपरक। दूषणविलास, भूषणविलास जैसी रचनाएँ कवि के भक्तिभाव की परिचायिका हैं। अक्लनामा और दंपतिवाक्यविलास कवि की बहुज्ञता से संबंधित हैं। परिणाम की दृष्टि से भी कवि की उपलब्धि उल्लेखनीय है। मीतलजी ने कवि की अभिरुचि पर यह वक्तव्य दिया है: 'वे काव्यशास्त्र के अच्छे विद्वान और व्रज वृन्दावन के अनुपम

अनुरागी थे। उन्होंने जहाँ काव्य के विविध अंगों का विस्तृत निवेचन किया है वहां ब्रजभक्ति और ब्रजमहत्व पर भी यथेष्ट प्रकाश डाला है। मीतलजी ने गोपाल रचित कितने ग्रंथों को देखा है, यह तो नहीं कहा जा सकता है किन्तु ग्रंथों के आधार पर उन्होंने जो निष्कर्ष निकाले हैं वे वैज्ञानिक हैं।

कवि का कृतित्व परंपरा से संबद्ध तो है ही उसका युग बोध भी पर्याप्त तीव्र और वैविध्य-पूर्ण है। प्रबन्ध और मुक्तक दोनों ही किनारों के बीच कवि की भावधारा प्रवाहित हुई है।

३ दंपति वाक्य विलास

१ प्रेरणा

कवि ने ग्रंथ की प्रेरणा अपने पिता से प्राप्त की। इसका उल्लेख पहले किया जा चुका है। गोपालराय ने एक दिन काव्य रचना में सुख-दुख पर दो कवित्त बनाकर अपने पिता को सुनाए। पिता ने प्रेरणा दी कि इसी प्रकार जीवन के प्रत्येक कार्य-व्यवसाय के दोनों पक्ष स्पष्ट किये जा सकते हैं और प्रस्तुत ग्रंथ का बीज वपन हो गया।[1] इस ग्रंथ की मुद्रित प्रति के विज्ञापन में ग्रंथ की प्रकृति का स्पष्टीकरण किया है "इस पुस्तक को प्रश्नोत्तर की रीति से उक्त कवि ने बड़ी उत्तमता से बनाया है, जिसमे पुरुष ने प्रत्येक उद्यम का गुण दोहा और कवित्त में वर्णन किया है और स्त्री ने उन्हीं छन्दों में उसका दोष दिखाया है। ऊपर के मुखपृष्ठ पर लिखा है सम्पूर्ण उद्यम-व्यापार तथा हुनरों के गुण अवगुण परम मनोहर दोहा सोरठा कवित्त आदि छन्दों में वर्णित हैं। इस प्रकार जीवन व्यापार के विभिन्न पक्षों के गुण दोषमय रूप को अंकित

---

१ दंपतिवाक्य विलास १। १० ९९

करने की प्रेरणा कवि को मिली और उसी प्रेरणा का परिणाम विकसित होता गया।

सबसे बड़ी प्रेरणा कवि को युग से मिली। गोपाल कवि ने अपने पूर्व के कविकर्म पर विचार किया. उसने रस-सागर आदि अनेक क्लिष्ट रचनाएँ की थीं। उन रचनाओं का ग्राहक वर्ग अत्यन्त सीमित था। तब कवि ने जन की प्रवृत्ति के अनुकूल यह सुगम रचना की.

रससागर दै आदि वहु, किए ग्रंथ अभिराम।
कठिन अर्थ अरु श्लेषयुत, कीने तिनमें काम।
सब कोऊ समझैं न जह, समझैं जिनें प्रवीन।
याते लौकिक ग्रंथ यह, कीनों सुगम नवीन। [1]

इस प्रकार कवि का लोकप्रिय रचना करने की प्रेरणा अपने अंतर मे ही मिली। उसकी अबतक की रचनाएँ रीतिकालीन चमत्कारी, श्लिष्ट, और क्लिष्ट काव्य की परम्परा मे आती थीं। प्रस्तुत कृति मे कवि ने उस मार्ग को छोडा है। कवि को युग-रुचि की पहचान भी है - रीतिकालीन काव्य-रुचि का ह्रास हो गया था। तत्कालीन जन-मन को समझ कर ही कवि के इस प्रकार की रचना में प्रवृत्त होना पड़ा :–

समय बमूजिब देखिकै, कीयौ ग्रंथ प्रकास।
आज काल के नरन के, सुनि मन होइ हुलास। [2]

---

१. द. वा. वि. (मुद्रित प्रति) २१। १२, १३

२. " " २१। १४

कवि अंत मे क्षमा-प्रार्थना भी करता है—

याते सुरवि गुपाल को, देउ दोष मति कोइ।
ता सूजिग देखी हुवा ता सम वरणी होइ।

इस प्रकार कवि ने युग-रुचि को देख कर ही इस ग्रथ का रचना की प्रेरणा ग्रहण की। युग रुचि एक प्रकार से काव्य शास्त्रीय सस्कारो से मुक्त हो रहा थी। उस समय राज्याश्रय शिथिल होने लगा था। आदर ऐसी रचनाओ का था, जिनम युग के सजीव स्पन्दनो को वाणी मिली हो।

विषय-वस्तु

दपति वाक्य विलास एक ज्ञानकोश है। कवि ने अपने युग की प्राय सभी शासकीय, धार्मिक एव सामाजिक इकाइयो का परिचय दिया है। सवभत कोई सस्था या जाति ऐसी नहीं बची जिस पर कवि न अपनी मौलिक दृष्टि व्यक्त न की हो। अपनी बात को निर्भय रूप से कह देना जैसे कवि का स्वभाव है। यही कारण है कि शब्दो के जजाल और रूढियो के बीच भी कवि के सत्य एव यथार्थ कथन जगमगा उठते है। विषय वस्तु का जीवन इन्हीं उक्तियो म है।

कवि का युग मुस्लिम शासन और उस युग की सस्कृति के अवसान का युग है। अग्रजी प्रभाव भारतीय क्षितिजो पर एकत्र होकर गहराने लगे थ। अग्रजी नौकरशाही के पुर्जो की वास्तविकता सामने आने लगी थी। जनता इस नवीन व्यवस्था मे जकड कर कसमसाने लगी थी। प्रस्तुत कृति के विषय के *संसारों के निर्धारण मे युग की इन्हीं परिस्थितियो का हाथ है।* वस्तु के अनुकूल और प्रतिकूल दोनो ही पक्षो के अनिवार्य सन्निवेश के कारण उसमे पूर्णता आई है।

परिस्थितियो की निराशापूर्ण जटिलता व्यक्ति की पराजय को मुखर बना देती है। उसका मन एक कड़वे धुए से भर जाता है। जीवन कुछ किरकिरा सा हो जाता है। ये स्वर दपतिवाक्य-विलास में भी प्रकट हैं। कवि व्यक्ति की उस विवशता को जैसे अंकित कर रहा हो जो प्रत्येक दिशा मे मार्ग पूछता हो और दिशा उसे मार्ग बतलाने के स्थान पर एक व्यंगपूर्ण अट्टाहास-कर उठती हो। कवि की पत्नी भौतिक जीवन के अनेक मार्गो को, कभी धार्मिक विश्वासों के आधार पर और कभी व्यावहारिक कठिनाइयो एवं बाधाओ का सकेत करके अवरुद्ध करती मिलती है। इस प्रकार की वस्तु-ध्वनि इस रचना में मिलती है।

वस्तु विकास की अन्तिम कड़ी कवि का परलोक-चिन्ता की ओर मुड़ जाना है। कभी विनय के स्वर सुनाई पड़ने लगते हैं करुणाष्टक में भक्तिमूलक पुराणाश्रित करुणा ही विगलित हो उठी है। कभी पश्चाताप की घुटन का कवि अनुभव करने लगता है - 'धोबी को सो कुत्ता भयो घर को न घाट को'। पत्नी की यथार्थवादी चोटों से तिलमिला कर कवि अपनी हार स्वीकार कर लेता है, और वह कह उठता है :-

> सुनिकें तेरी बात को, उपज्यौ हिय मे ज्ञान।
> भजन-भावना भक्ति बिन, वृथा गये दिन जान।

अन्त मे स्वार्थ और परमार्थ का समन्वय ही श्रेयस्कर कहा गया है :-

> यह 'गुपाल' तिय सीख सुनि, कौनों उद्यम जोइ।
> स्वारथ ही के करन में, परमारथ जिमि होइ।

इस प्रकार का वस्तु-विकास जीवन की निराशापूर्ण, संघर्षमय परिस्थिति मे ही होता है। यह भी हो सकता है कि यह वस्तु कवि की वृद्धावस्था जन्य विवशता का ही परिणाम हो। कवि ने तुलसी की भांति कलिकाल के दोषो का भी भरपूर वर्णन किया है। ग्रथ के प्रयोजन के सबध मे कवि ने स्पष्ट कहा है कि इसकी रचना वैराग्य की ओर मन को प्रवृत्त करने के लिए की गई है।

'राय गुपाल' विराग बडामन दपति वाक्य विलास बनायो।[1]

इस प्रकार की रचना मे सासारिकता के दोषो का वर्णन अधिक होना ही स्वाभाविक है।

वस्तु के सबध मे एक बात और भी दृष्टव्य है। इसमे कवि के स्वानुभव का ही अधिक समावेश है। वस्तु की दृष्टि से इसी लिए इसमे कुछ अधिक नवीनता और विलक्षणता आ गयी है। थोड़े से ही ऐसे विषय इसमे हैं, जिनके लेखन मे कवि रूढियो से मुक्त नही हो पाया है। अन्यथा कवि के निजी अनुभव ही वस्तु योजना के मूल मे हैं। इसी लिए सारी भूमिका अधिक सजीव है। रीतिकालीन जड़ता से विषय वस्तु बोझिल नही है। वस्तु की इसी नवीनता ने इस ग्रथ की लोकप्रियता मे योगदान दिया। इसकी अनेक प्रतिया तैयार की गई।

'देखि नई रचना वचनानि की, सो मुनिके सबने लिखवायो'[2]

वस्तु के क्षेत्र मे यह एक नवीन प्रयोग ही था। उस युग मे प्राप्त मनुष्य का अस्तव्यस्त रूप इस रचना मे प्रकट हो जाता

---

१ दपति वाक्य विलास १।१७

२ दपति वाक्य विलास १ १७

है। कुल मिला कर यही कहा जा सकता है कि कवि वस्तु योजना में बौद्धिक और यथार्थवादी अधिक है। भावुकता करुणाष्टक जैसे आध्यात्मिक प्रसगो मे ही अधिक आई है।

३ काव्य रूप

काव्य रूपो की दृष्टि से रीतिकालीन युग पर्याप्त वैविध्यपूर्ण रहा है। शास्त्र-ज्ञान के प्रदर्शन और प्रचार के लिए भी रचनाएँ की जाती थी।

कोषो की परम्परा संस्कृत, प्राकृत और हिन्दी तीनो ही स्तरों पर चलती रही। संस्कृत का नीति साहित्य एक दीर्घ और समृद्ध परम्परा रखता है। दपतिवाक्यविलास के प्रकाशको ने प्रस्तुत रचना को प्राय: उसी परम्परा मे रखा है। "यद्यपि संस्कृत में सुभाषित रत्नाकर, वृहच्छारङ्गधर आदि बहुत ग्रंथ छपे हैं परन्तु वे संस्कृतज्ञ जनो ही को आनददायक है। हमारे भाषा के रसिक जनो की तृप्ति इनसे होना असभव है'।[1] इस प्रकार नीति उपदेश की प्रवृत्ति से प्रेरित ज्ञानकोश की संज्ञा प्रस्तुत रचना को दी जा सकती है। मीतलजी ने इसे ज्ञानकोष की ही संज्ञा दी है।[2] इस नामकरण के पीछे यह मान्यता प्रतीत होती है कि कोष दो प्रकार के होते हैं शब्दकोष और ज्ञान कोषा दोनों की परम्परा हिन्दी में मिलती है।

शब्दकोष भी दो प्रकार के होते है। एक वे जिसमें कवि के व्यक्तित्व का सम्पर्श शून्य होता है। लेखक संदर्भ-निरपेक्ष होकर शब्द और उसके प्रचलित अर्थों का संग्रह कर देता है। इस प्रकार के कोषों की परम्परा निघण्टु से प्रारंभ होती है। यही

---

१. दं वा वि. (मुद्रित) विज्ञापन।

२. सरस्वती, खंड १, संख्या ६ : 'व्रज भाषा का एक ज्ञानकोष' लेख

प्राप्त कोषो मे सबसे प्राचीन है।[1] आगे इसकी अविच्छिन्न परम्परा चली।[2] बहुत से कोष लुप्त भी हो चुके है। अमरकोश अवश्य प्राप्त होता है। इस ग्रंथ मे समानार्थक, नानार्थक प्रत्यय शब्दो के विभाग मिलते है। आगे भी नानार्थक शब्दो की नाम-मालाएँ चलती रही। प्राकृत मे भी कोषो की परम्परा अविच्छिन्न रही।[3] देशी नाम-मालाओ का नवीन सूत्र[4], देशी तत्वो की लोकप्रियता को प्रकट करता है। अपभ्रंश ने प्राय प्राकृत शब्दकोषो की सामग्री को काम मे लिया। हिन्दी मे भी नाममाला कोषो की परम्परा चलती रही।[5] हिन्दी नाममालाएँ प्राय छन्द बद्ध है। इनका उद्देश्य शब्दकोष तैयार करना नही था। "इस उद्योग का उद्देश्य यही विदित होता है कि हिन्दी के कवियो की शब्द सपत्ति को बढाया जाए। हिन्दी कवियो को अपने काव्य मे विशिष्ट रूपेण एक शब्द के विविध पर्यायो के प्रयोगो की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ये नाममालाएँ लिखी जाने लगी"।[6] सस्कृत काव्य

---

१ भगवद्दत, वैदिक कोष, पृ ५८ (भूमिका)

२ इस परम्परा में ये ग्रंथ आते है कात्यायन कृत नाममाला, वाचस्पति का शब्दकोष, विक्रमादित्य का शब्दार्णव, ससारावृत तथा व्याडिकृत उत्पलिनी आदि।

३ उदाहरण के लिए धनपाल (१००० ई०) कृत 'पाइअलच्छि' ग्रंथ लिया जा सकता है।

४ हेमचन्द्र, (१०८८–११७२ ई०) की देशी नाममाला, अभिमान चिन्ह का 'देशी कोष' गोपाल का देशी कोष, देवराज के छन्द सबधी ग्रंथ का देशी कोष आदि को इस सूत्र के अतर्गत रख सकते है।

५ सूची के लिए द्रष्टव्य, सत्यवती, सहद, नाममाला साहित्य, भारतीय साहित्य (वर्ष ३, अक ४) पृ ७७–७८

६.

वस्तुज्ञान→विवेक— —पुरुष कथन (गुण)— / —पत्नी कथन (दोष)— →संवाद→वैराग्य

→आध्यात्मिक तत्त्व→शान्ति की प्रेरणा

इस प्रकार समान्य वस्तुस्थिति पहले विवेक की कसौटी पर चढ़ाई जाती है। विवेक उसके पूर्व पक्ष, और उत्तर पक्ष को सामने लाकर निर्णय करना चाहता है। यह समस्त प्रक्रिया तर्काश्रयी है। परिणामत: मिथ्या के त्याग के लिए भूमिका बन जाती है। त्याग के पश्चात ग्रहण की प्रक्रिया और ग्राह्य का स्वरूप स्पष्ट हो जाते हैं। ग्रहण की प्रक्रिया में ज्ञानात्मक भाग भक्ति-भाव में अभिसिंचित हो उठता है और शान्ति का समापन हो जाता है।

वस्तुज्ञान का विवेकपूर्ण संस्कार 'संवाद' शैली में उतर आता है। संवाद ही किसी वस्तु के उभय पक्षीय रूप को सामने ला सकता है। संवाद का अंत निर्णय-बिंदु पर पहुँच कर हो जाता है और कवि की वाणी अकेली रह जाती है। कवि वाणी पश्चात्ताप और युग-प्रवृत्ति का कथन करती हुई अध्यात्म की घोषणा कर देती है और ग्रंथ की समाप्ति हो जाती है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि दंपतिवाक्यविलास एक 'संवादात्मक ज्ञानकोश' है।

४. प्रतियां :

४. १. खोज :

दंपतिवाक्यविलास की एक प्रति हमें रंग जी के मन्दिर (वृन्दावन) में मिली। उसका विवरण, 'भारतीय

साहित्य, में पहले छपा।[1] इस प्रति को श्री प्रभुदयालजी मीतल को भी दिखलाया गया। श्री मीतलजी को इसको देखकर बड़ा संतोष हुआ। इस ग्रंथ के रचयिता, गोपाल कवि का संक्षिप्त परिचय वे पहले ही अपने एक ग्रंथ में दे चुके थे। इस ग्रंथ का नामोल्लेख भी उन्होंने वहाँ किया है। इसका नाम उन्होंने दंपतिवाक्यविलास दिया है। संभवतः इस ग्रंथ की प्रति उन्हें उस समय नहीं मिली थी। अतः इसका विशद परिचय वे नहीं दे सके थे। जब हमारे द्वारा प्राप्त प्रति को उन्होंने देखा तो उन्होंने एक लेख लिखा। ब्रजभाषा का एक ज्ञान-कोश।[3] इस लेख की प्रतिक्रिया में श्री अगरचन्द नाहटा ने भी एक लेख लिखा। उन्होंने सूचना दी कि यह ग्रंथ बहुत पहले प्रकाशित हो चुका है।[4] ज्ञात हुआ है कि अब से लगभग ६८-७० वर्ष पूर्व (सं० १९५० में) इसका द्वितीय संस्करण प्रकाशित हो चुका है। इसके पश्चात हमने इसकी मुद्रित प्रति को मँगवाया और अपनी प्रति से इसकी तुलना की। हमने नाहटाजी से भी कुछ पत्र व्यवहार किया। उन्होंने एक पत्र में इसकी अन्य प्रतियों की सूचना भी दी। उन्होंने एक पत्र (१०-११-६७) में लिखा "एक नवीन सूचना दे रहा हूँ कि इस ग्रंथ की एक हस्तलिखित प्रति राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर में भी है। इस प्रति का नंबर ११८२०, पत्र [illegible] और सं० १९०३ की लिखी हुई है। इस प्रकार प्रतियों की संख्या बढ़ने लगी। उसके पश्चात हैदराबाद में इस ग्रंथ की एक और

---

१ भारतीय साहित्य, वर्ष ३ अंक ४ (१९५८) पृ १७०, १७२

२ चैतन्य मत और ब्रज साहित्य, पृ ११३, ११८

३ 'सरस्वती', खंड १, संख्या ६

४ 'सरस्वती', दंपतिवाक्यविलास के प्रकाशित संस्करण, सरस्वती खंड २ संख्या ८

प्रति मिल गई। प्रतियों की खोज का यह क्रम यहीं खत्म हुआ। हो सकता है कि इसकी कुछ और प्रतियाँ भी छपी पड़ी हों। जितनी प्रतियाँ प्राप्त हैं, उनसे इस ग्रन्थ की लोकप्रियता तो सिद्ध होती ही है। मुद्रित प्रति में यह सूचना मिलती है कि इसके तीन संस्करण निकले। यह ग्रंथ प्रथम किसनलाल श्रीधर ने छापा, परन्तु शिला की छपाई व ग्रन्थ की अशुद्धि के कारण काव्यानुरागियों को प्रिय न हुआ। अतएव हमने उनसे यथाधिकार लेकर द्वितीयावृत्ति वाजपेयी पं. शिवदुलारे द्वारा परिशोधित कराय मुद्रित किया है....और अबकी बार इसकी तृतीयावृत्ति अत्यन्त संशोधित करके छापी गई है।'[1] प्रतियों की यही खोज रही है।

४. २. अंतर .

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान की प्रति तुलना के लिए उपस्थित नहीं हो सकी। इसके लिए तीन प्रतियों को आधार बनाया गया वृन्दावन की प्रति, हैदराबादवाली प्रति और मुद्रित प्रति। इनमें से वृन्दावन वाली प्रति और हैदराबादवाली प्रति संभवतः कवि ने अपने हाथ से लिखी है : वृन्दावन प्रति में यह सूचना मिलती है 'इति श्री दंपतिवाक्यविलास सम्पूर्ण समाप्त। सं. १९०० मि. ज्ये. सुदी ७, चंद्रवार लिपी स्वहस्त मनीपारें मध्य वृन्दावन में। शुभमस्तु।" इस प्रकार कवि ने स्वयं इसे लिखा। हैदराबाद वाली प्रति के अन्त में यह लिखा है. "इति श्री दंपतिवाक्यविलास सम्पूर्ण समाप्त संवत् १८९० मिती वैसाख वदी ८ रविवार, लिखी गुपालराय श्री वृन्दावन मध्यस्थ मनीपारे मध्य।" मुद्रित प्रति कवि ने अपने हाथ से नहीं लिखी। उसके अंत में यह सूचना मिलती है।

वेद ब्रह्म निधि ईश्वर संवत अवधि अधार।
श्रावण शुक्ला त्रयोदसि, संवत शुभ शनिवार ॥

दपतिवाक्यविलास की, पोथी सब सुख राम।
लिखि वृन्दावन मध्य मे, श्री वृन्दावन दास ॥

इन सूचनाओ से य निष्कर्ष निकाले जा सकते है : तीनो प्रतियो मे आरम्भ करने की तिथि एक ही है - सवत् १८८५ वि स तीनो ही प्रतिया वृन्दावन मे लिखी गई। दो प्रतियो का लेखन स्वय कवि ने किया और मुद्रित प्रति किन्ही वृन्दावनदास जी ने लिखी। तीनो प्रतियो के अन्त मे जो अन्त का सवत दिया गया है, उसमे अतर मिलता है —

वृन्दावनवाली प्रति	अत सवत १९०० वि
हैदराबादवाली प्रति	,, १८९० वि
मुद्रित प्रति	,, १९१४ वि

इस प्रकार १८८५ से लेकर १९१४ तक इस ग्रथ का लेखन हुआ। हैदराबादवाली प्रति आरम्भ होने से पाँच वर्ष पीछे समाप्त हुई और वृन्दावनवाली प्रति दस वर्ष पश्चात। ग्रथ-विकास की दृष्टि से हैदराबादवाली प्रति छोटी है इसमे पॉच वर्षो की साधना का ही फल है। वृन्दावनवाली प्रति इन सब से बडी है। आकार का यह विस्तार कवि की १५ वर्षो की साधना का फल है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने समय-समय पर इस ग्रथ के मूल रूपो मे छेन्द जोडे है। इसमे आकार का विकास होता गया। इस समय उपलब्ध प्रतियो मे सबसे अधिक बडा आकार वृन्दावनवाली प्रति का है। यही ग्रथ विकास की अन्तिम कडी है।

ग्रथ के अध्यायो को विलास के नाम से अभिहित किया गया है। हैदराबादवाली प्रति मे केवल आठ विलास है। मुद्रित प्रति मे २१ है और वृन्दावन वाली प्रति मे सत्ताईस है। हैदराबाद

वाली प्रति ग्रथ की आदि स्थिति की सूचना देती है। वृन्दावन वाली प्रति अंतिम कड़ी है। मुद्रित प्रति की स्थिति या तो बीच की है अथवा वृन्दावनवाली प्रति से वह सकलित है। सकलन मे कुछ अध्यायो को छोड दिया है। तीसरी सभावना यह भी है कि मुद्रित प्रति का आधार कोई अधूरी प्रति हो सकती है। उसके अन्त मे संपूर्ण समाप्त शब्द भी नहीं है। केवल यह लिखा है – "इति श्री दपतिवाक्यविलास नाम काव्ये प्रवीणराय आत्मज गुपाल कविराय विरचिते ग्रथफल स्तुति वर्णन नाम एकोविशो विलास।" निष्कर्ष रूप मे इतना ही कहा जा सकता है कि वृन्दावन के रगजी के मदिर से प्राप्त प्रति, प्राप्त प्रतियो मे सबसे बडी है तथा स्वय कवि द्वारा लिखी गई है, अत प्रामाणिक है। उसी को मूलाधार मानकर इस ग्रथ का पाठ सपादन करने की चेष्टा की गई है। यदि अन्य प्रतियों मे छन्द आदि की शुद्धता की दृष्टि से अनुकूल पाठ मिला है, तो उसे ही दिया गया है और पाठान्तर पद-टिप्पणी के रूप मे दिया गया है।

५. भाषा और लिपि संबंधी विशेषताएँ :–

५. १ लिपिकार सदैव ही ष–ख मान कर चला है। 'ष' का ध्वन्यात्मक मूल्य कही भी मूर्द्धन्य (ष) जैसा नही है। लिपि की दूसरी विशेषता (अ) पर विविध मात्राये लगा कर विभिन्न स्वर ध्वनियों को प्रकट करने की है :– अै-अे आदि। यह प्रवृत्ति सार्वत्रिक तो नही है, पर एक सीमा तक मिलती अवश्य है। लिपिक (ब) और (व) के अंतर के प्रति सचेत है। सामान्यतः (व) लिपि चिन्ह (ब) की ध्वनि को ही प्रकट करता है। अर्द्ध-स्वर के रूप मे उसने 'ब' के नीचे एक बिन्दी लगाई है : ब़–व, व–ब।

इनके अतिरिक्त लिपि की अन्य विशेषताएँ नहीं मिलती।

५ ७ भाषा– लेखक की मातृभाषा ही व्रजभाषा है। पर उसने परिनिष्ठित साहित्यिक व्रजभाषा का प्रयोग ही सामान्यतः किया है। कुछ स्थानीय या आंचलिक विशेषताओं को भी लेखक छोड नहीं पाया है। साथ ही कुछ राजस्थानी और पूर्वी रूप भी मिलते हैं।

५ २ १ ध्वनि संबंधी विशेषताएँ–

५ २ ११ (ण) – व्रजी में ण, न की प्रवृत्ति प्रमुख है। राजस्थानी में इसके विपरीत न, ण की प्रवृत्ति मिलती है। लेखक ने दोनों प्रवृत्तियों का परिचय दिया है णारि–नारि में राजस्थानी प्रभाव स्पष्ट है।

५ २ १२ घोषीकरण–यह प्रवृत्ति व्रजी के ध्वन्यात्मक मृदुलीकरण का ही एक भाग कही जा सकती है अघोष ध्वनियों की अपेक्षा सघोष ध्वनियाँ मृदुतर होती है परगट–(प्रकट) परगास–(प्रकाश) गातिग–(कार्तिक) जैसे उदाहरणों में यह प्रवृत्ति स्पष्टतः परिलक्षित है।

५ २ १३ अल्प प्राणीकरण–यह भी मृदुलीकरण की प्रक्रिया का ही एक भाग है। स्फुट रूप से यह प्रवृत्ति भी मिलती है। उदाहरण के लिए निपद–(निषेध) कबी–(कभी) जैसे शब्दों को लिया जा सकता है।

५ २ १४ स्वरागम–इस प्रक्रिया से भाषा की स्वर-बहुलता में वृद्धि होती है। दूसरी ओर संयुक्त व्यंजनों की संख्या घटती है। परिणामतः भाषा अधिक काव्योपयोगी हो जाती है। यह प्रवृत्ति व्रजभाषा में बढती ही रही। उदाहरण के लिए इन शब्दों को लिया जा सकता है – परगास–(प्रकाश) परगट–(प्रकट) परवीन–(प्रवीण), मरम–(मर्म), छिप्रि–(क्षिप्र), बरन–(वर्ण), प्रापति–(प्राप्ति), सवाद–(स्वाद)

५. २. १५ स्वर लोप–स्वरलोप की प्रवृत्ति सामान्यतः ब्रज-भाषा में मिलती है। गोपाल कवि की भाषा में आदि स्वरलोप की प्रवृत्ति विशेष आकर्षक है। आरंभिक ध्वनि पर बलाघात होने के कारण आदि स्वर में लोप की प्रवृत्ति विरले ही कहीं देखी जाएगी। पर दंपतिवाक्य विलास में ऐसे शब्द मिलते हैं -

ठारह–(अठारह), तिहास–(इतिहास), रु–(अरु), लाइची–इलायची।

५. २. १६ व्यंजन

इस प्रवृत्ति के कारण भी व्यंजन-बहुल भाषा की कर्कशता में कमी आती है। यह प्रवृत्ति मध्यकालीन आर्य भाषाओं की सबसे प्रमुख प्रवृत्ति थी। इस प्रवृत्ति के द्योतक उदाहरण "दंपतिवाक्य-विलास" में भी प्रचुर हैं। जोइसी (ज्योतिषी)

५. २. १७ अन्य प्रवृत्तियां

ब्रजी की मुख्य प्रवृत्ति ल–र की है। किन्तु कुछ शब्द र–ल की प्रवृत्ति के द्योतक भी हैं: मैर–मैल। स्वर के ह्रस्वीकरण की प्रवृत्ति के परिचायक शब्द भी हैं: विसाख (वैसाख)। द्वित्वीकरण मध्यकालीन भाषा शैली में बहुत प्रचलित था। पीछे यह प्रवृत्ति ओजपूर्ण शैली का आवश्यक अंग बन गई। कहीं यह मध्यकालीन प्रवृत्ति के रूप में, कहीं शैली का अंग होकर और कहीं छन्द-पूर्ति की आवश्यकता के रूप में द्वित्वीकरण मिलता है।

५. २. २ शब्दावली :

ब्रजभाषा के साहित्यिक रूप में प्रचलित रूढ़ शब्दावली के प्रयोग की ओर तो कवि झुका हुआ है ही, आंचलिक शब्दावली के प्रयोग के द्वारा भी उसने भाषा में सजीवता लाने का प्रयत्न किया है। लोक शब्द इस प्रकार के हैं: परस–परसाउ (संपर्क) ठकुर (प्रतिष्ठा, समृद्धि), मनीर (मनोरा), खप्पर (खप्पर),

गाम (प्राणप्रवित्ति), औंडो (गहरा), लाली (चिंता), ज्यान (नुकसान), जुगादी (बडा), आदि। भाषा को सजीव बनाने मे ध्वन्यात्मक शब्दावली का योगदान भी कम नही है रैल-फैल (अधिकता), झलाबोर (सराबोर), दहाड, झिगारत, घनघोरत, रहसि-बहसि आदि इसी प्रकार के शब्द है। अरबी-फारसी के शब्द भी कम नही हैं लाफता, ग्याफता, जरकसी, पसगीना, जबीना, तरफ, दरफ, हरफ, ख्याल, तमासा, गरक, सुखन, दिक्क (दिक) आदि शब्द उदाहरण के रूप मे लिए जा सकते है। अधिक शब्द शासकीय नौकरियो के नामो मे आए हैं मीरमुशी, मुंसिफ, आदि। माल (Revenue) आदि से सबधित शब्दावली भी कम नही है।

६. शैली :

कवि ने पुस्तक की व्यवस्था बौद्धिक आधार पर की है। भाव-सौन्दर्य की स्थितिया प्राय नही आई है। करुणाष्टक मे अवश्य ही करुणा का सौन्दर्य प्रकट हुआ है। अत मे कवि ने शात रस मे काव्यधारा को समाविष्ट कर दिया है। शृगार की झलकिया नाम-वर्णन जैसे प्रसगो म छुटपुट रूप से आई हैं। प्राय कवि को भाव सौन्दर्य प्रकट करने के अवसर नही मिले हैं। सदर्भ की बौद्धिकता से कवि अवगत भी है और कविकर्म के प्रति सावधान भी।

कविकर्म की धारा कलागत सौन्दर्य को स्पर्श करती हुई प्राय प्रवाहित हुई है। कवि ने प्राय अर्थालंकार-योजना मे रुचि नही दिखलाई है। उसे प्रागगत सौन्दर्य प्रिय है। ध्वन्यात्मक योजना के सौन्दर्य से ही कवि को सतोष लाभ करना पडा है। प्राय दोनो के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं।

१ एक मर्म रहसे-करसे, बरसे रसरग भरी सदुधाने। (१।१९)
२ तरुनि, तरुण, तन तात मों तपन तेल

तूलम तमोल सवही के मन भाए हैं। (३।२०)

इसी प्रकार के बहुत से उदाहरण खोजे जा सकते हैं। यमक भी कवि को प्रिय है। यमक की कुछ पंक्तियां इस प्रकार हैं :—

धन धन ही ते धनिधनि धन ही ते प्यारी
धन धन ही तें, सब धन धन ही ते हैं।

एक और उदाहरण इस प्रकार है। :—

दक्षण मुनि पिय कान दै, दक्पन, दक्पन जात।
लक्पन, लच्छिन लपि लापि, लक्पन ही लगि जात (२।१२)

संक्षेप मे कहा जा सकता है कि कवि को शब्दालकार-योजना मे विशेष रुचि है। ध्वनि और शब्द की आवृत्ति के द्वारा वह शैलीगत चमत्कार की सृष्टि करता है। आवृत्ति-गत सौन्दर्य इस चरण मे देखा जा सकता है।

साधिके समाधि साध-साधना न साधि याहि,
साधि के असाध कैसे प्रभु को अराधि है। (१।२७)

अनेक कवित्तो मे सिंहावलोकन का चमत्कार भी मिलता है। ध्वनिमूलक चमत्कार के अतिरिक्त पुस्तक की बौद्धिक योजना मे कवि को और कोई मार्ग नही मिला है। अन्य ग्रंथों में उनकी भाव-योजना भी मार्मिक है। यदि शैली में कहीं आंचलिकता मिलती है, तो स्थानीय मुहाविरों और लोकोक्तियों के प्रयोग मे ही मिलता है। वैसे कवि में रूढ़ रीतिकालीन शैली का ही आधिक्य है, पर विषय की विविधता और विचित्रता के कारण रूढ़ शैली के बीच कुछ शैलीगत प्रयोग भी दृष्टिगत होते हैं।

चन्द्रभान रावत
राम कुमार खण्डेलवाल

प्रथम विलास

भूमिका★

श्री गणेसायनमः

अथ गुपालराय कृति दंपति वाक्यविलास गृंथ लिख्यते ॥

मंगलाचरण

कवित्त

सामल वरण[1] अरुनाई अवरण[2] मायं
चन्द्रका धरण[3] वालकुंडल करण[4] मे।
फैलि रही तरुण[5] किरनि[6] की सी आभा ओप
आभरन बीच गरें मोती की लरन में।
वरन वरन अतरन तर अवरन[7]
राजत 'गुपालकवि' दरन दरन में।
विघन हरण सुप सपति करन ऐसे
राधिकारमन के चरन की सरनि में ॥१॥

दोहा

गणपति गिरिजापति गिरापति देउवुद्धिः विसाल।
दंपतिवाक्यविलास को वरनत सुकविगुपाल ॥२॥
वुधि विवेक गुण हीन हौ कविताको नहिंवोध।
गुण दूपन भूपन जिते लीजो[8] तुम कवि सोधि ॥३॥

★ हस्तलिखित प्रति (वृ०) मे 'घू [illegible] का' शब्द है।

१. वरन। २. अघरन। ३ धरन। ४. करन। ५. तरुन।
६. किरिनि। ७ मबर। ८. लीजहु।

कवि-वंश

कवित्त

परम प्रतापीकवि भए जुगराजराय,
जाके[1] मुरलीधर प्रगट नाम पायो है।
जाके[2] घनस्याम सुत वृंदावन बसे आनि[3]
करि करनीको जस जगमें बढ़ायो है।
जनमि प्रवीन गृथ पिंगल औ रसजाल
एकादसी कातग[4] महातम को गायो है।
जाको[5] सुत प्रगट गुपाल कविराय तिनि
दंपतिके वाक्य के विलास को बनायो है ॥४॥

दोहा

परगराय परवीनसुत कविगुपाल यह नाम।
मध्य मनीपारे बसैं श्रीवृंदावन धाम ॥५॥[6]

---

१. ताके। २. ताके। ३. वासकीनो। ४. गालिग। ५. ताको।
६. ता गुपाल कवि को सदा वृंदावन मे वास।
मध्य मनीपारे रहे व्रजरायन को दास ॥

कवि वंश वृक्ष:

जुगराजराय – मुरलीधर – घनस्याम – प्रवीणराय – गुपालराय

सम्भवत: परगराय, प्रवीणराय का विरद हो। कवि ने अपना निवास-स्थान वृन्दावन लिखा है। वृन्दावन मे मनीपारे मुहल्ले मे इस कवि के वंशज रहते थे। पर आज उस मुहल्ले मे कोई 'राय' का घर नहीं है। पूछने पर कुछ वयोवृद्धों ने बतलाया कि यहाँ पहले 'राय' लोगों के घर थे। पर आज यहाँ कोई राय नहीं है। कवि ने मनीपारे का गर्व पूर्वक उल्लेख किया है। स्वयं गुपाल कवि ने लिखा है कि मनीपारे में मिश्र लोगों का निवास है पर दो चार घर राय लोगों के भी हैं। यह मुहल्ला ब्राह्मणों का मुहल्ला ही है।

मातृभूमि-वृंदावन

कवित्त

चाहे लोकपाल भूअपाल यौ गुपालकवि
हाल ही निहाल होत जाकी रजधांनी में ।
स्यांमास्यांम धाम सब पूरनकरन कांम
लेत जाकौ नाम पाप पिरत ज्यौं घांनी में ।
कहां लग बरनवनाइ कै सुनावै कोऊ
जावे जस गाइवे की सकति न बांनी मं ।
तीनि लोक जांनी जहां बड़े पटरांनी ऐसो
वृंदावनजू की हम रहै रजरानी मं ॥६॥*

मनीपारौ

परम सुथांन भूमि निकट बिहारीजूके
इत राधा मोहैन[1] के घेरे कौ मिलाउसौं ।
जामें मिश्र परम उदार करें वास पुनि
जोंरसी[2] जवर थोकदारन मराउसौं ।
भनत गुपाल तामें चारिक हमारे घर
भूमिया वनिकद्वैक परन पराउ सौं ।
एक तै अधिक एक थोक सबही है, परि
मनीपारौ विप्रनसौं जटित जराउसौं ॥७॥

---

* इस कवित्त मे कविने वृन्दावन की महिमा का गायन भक्ति और श्रद्धा के स्वरो मे किया है। कवि चैतन्यसम्प्रदाय से सम्बन्ध रखता है। इसलिए राधा-कृष्ण की निकुञ्ज-लीलाभूमि का दिव्य रूप कवि की वाणी में मुखरित हो उठा है।

१. मोहन। २. जोईसी। ३. एक ते।

गृंथ हेत

जग दुप पांन जांनउ जे विराग ग्यान

आमेंगुण घणे गुणमांननि रिझवेके।

करें जोई काम तामें दगा नहि पाई हांनि

टोटो नहि आवे, आमें हुन्नर कमेंवे के।

सवही को ज्ञांन घनमांननको राजीकर्नं

घरन नरन गुणमांनन रिझवेके ॥

कुजस गवेंवे के औसुजस वडेवे के

सुकेते हेत दंपतिविलास के वनेंवेके ॥९॥★

गृंथ प्रियोजन

कविता[1] कृति दुपमुप.[2] के कवित वनाअेदोइ।
कवि प्रवीन पितुकों जवहि जाइ सुनाअे सोइ[3] ॥१०॥

हे प्रसन्नि[4] ताही घरी आज्ञा मोकों दींन।
दंपति वाक्यविलास मुत कीजे गृंथनवीन ॥११॥

जिनकी[5] आज्ञा[6] पायमें कीनों, गृंथप्रकास।
कहत सुनत याके सदा होइ वुद्धि: परगास ॥१२॥

जिनि वातनते जगतमें काम परत नितआइ।
तिनके गुण दूपन सकल कहत् गुपाल कविराइ ॥१३॥[7]

पिय प्यारी मिलि परसपर, कहि गुणदोप प्रकास।
यातेनाम घरयो सुकवि दंपति वाक्य विलास ॥१४॥

★ यह है० प्रति में नहीं है।

१. लेपक। २. दुप्य। ३. कवि प्रवीन कों जाय कें तवहू सुनाये सोइ।
४. प्रसन्न। ५. तिनको। ६. अज्ञा।
७. तिनि दजिगारन करि जगत क्रुरम करत प्रतिपाल।
तिनि दजिगारन कों अवै वरनत सुकवि गुपाल ॥
यह दोहा मुद्रित प्रति में भी है।

संमत

ठारह से पिच्यासिया पून्यो अगहनमास।
दंपति वाक्य विलास को तव कीनो परकास[1] ॥१५॥

ग्रंथ सूची

कवित्त

धन दुष सुष घर वाहर प्रदेस देस
अमल अनेक पेल सूची परकासके।
सास्त्रअुपसास्त्र वर्नाश्रमसोध मदराज
सहर प्रवध अगरेजन के पास के।
वनिज, रकानि सव जातिवे विधान अध
माधमजिहान गुण प्रकृति' तिहासके।
सुकृत प्रकास ज्ञान भवित फल तासमे
गुपालजू विलास वहे दंपतिविलासके ॥१६॥*

सवैया

देषि नइरचना वचनानि की सो सुनिके सवने लिपवायो।
पंडित राज समाजनि में कविराजन के मनमें अति भायो।
दंपति वादहि[2] को मिसुकें सव वाननको[3] सुषदुष्प[4] दिषायों।
'रायगुपाल विराग वढामन दंपतिवाक्य विलास वनायो'[5] ॥१७॥
नारि निषेद कियो रजिगार वो प्रीतम जो वरनो ठहरायो।
प्यारहिप्यारमें प्यारी प्रवीनने चातुरी ते पियको विरमायो।
रेनिदिना[6] विछुरे[7]नहि नेरहू भोगविलास करे[8] मनभायो।
रायगुपालको पास ही रपिकें षीयो भलोअपनों मन भायो ॥१८॥

---

१ परगास। २ वान्हो। ३ रजगारनको। ४ दुष्प। ५ रायप्रवीन मे नद गुपाल ने दपति वाक्य विलास वनायो। ६ रेनिदिन। ७ विछुरे। ८ करें।
* यह कवित्त है० प्रति म नहीं है पर मुद्रित प्रति मे है।

लेकसमें रहसैं वहसें वरसें रसरंग भरी[१] बहु घातें ।
सुंदरि वैठी सुगंधित सेजपैं सोमासिगानकी[२] सरसातें ।
प्रीतम आइकें वैठे तहां गलवांही दियैंदियैंअंगप्रभातें ।
अैसे समे रूंजिगारनकी[३] कही वालसों लालगुपाल नें वातें ॥१९॥

जग विवस्था पुरसवाच ईस्त्रीप्रति

कवित्त

कुटम के पालिवे कों वोलें झूंठमांझ दिन
रैंनि यह प्यारी वूड़े वेललो वह्यो करें[४] ।
जिकिरि फिकिरि वीच व्याकुल रहतऊ
घरको मरम नहि[५] काहूसों कह्यो करें[६] ।
सुकविगुपाल धन पाएही निहाल होत
विन रूजिगार[७] देहदुपसों दलो[८] करें[९] ।
वस्ती वीच प्रभुही करत परवस्ती यह
हस्ती कौसौ परच गृहस्तीके रह्यो करें[१०] ॥२०॥

दोहा

याते कोऊ रुजिगारको कीजें कछूउपाइ ।
धन कमायकें लाइयें जाते[११] सव दुष जाइ ॥२१॥

इस्त्रीवाच[१२]

जग हितार्थ काजे मली प्रश्न करयों तें अंन ।
ज्यों मननें वुधि तियातें प्रश्नकरयों सुप दैंनि ॥२२॥*

---

१. झरी । २ सिंगारन । ३. वही । ५. नहीं (४) (६) (९) (१०) करैं । ७. रुजगाल । ८. दहूरो । ११. ताते । १२. इस्त्रीवाच पुरुप प्रति ।

*है० प्रति में नहीं है ।

सो मन, बुधि संवाद अब बरनि सुनांऊ तोहि ।
जाके कहत[1] रसुनत में द्रढ़ विराग उर होहि ॥२३॥*
दंपति के संवाद मिस जग दुषसुषकी बात
सोगुपाल तोसों अबैं करत सबैं विष्यात ॥२४॥*

धन सुष-दुष वर्णन

कवित्त[1]

रीतें सबहीतें नित गाम गुनी गीतें दिन
आनंदमें वीतें काज[2] होइ[3] चित चीतें है।
राषै बडी सीतें डरें काहूको न भीते हीते
अुपजें गुपालकवि नित नई नीतें है।
अरिकें अरीतें जे अनीतेहे अजीते लै करीते
पालिकीते जे वलीतेजग[4] जीते हैं।
धन धनहीतें, धनि धनि धनहीते प्यारी
धन धनहीतें सब धनष नही तेंहैं ॥२५॥

इस्त्रीवाच

काया कू डर नाहिना मायाकूं डर होत।
याते याके दुष सुनो जो जग होत अुदोत ॥२६॥

कवित्त

कांम क्रोध लोभ मांड डारे बांधि बांधि नित
जोरतमे जाके[5] अपराधनते दाधिहै ।

---

१. इससे पूर्व ह० प्रति में यह दोहा है:
"धन पायें सुष हो जो हमसों कहो गुपाल।
ताके तबें उपाय कों तुमें भंजि हें हाल॥"
२. काम। ३. होत। ४. जग। ५. ज्याके।
* ये दोहे ह० प्रति मे नही हैं।

आधि रहै मनमें, नराधिपति वांधिवेके
पोदिके¹ अगाध धरधरें होति व्याधि है।
साधिके समाधि साध साधना न साधि याहि
साधिकै असाध कैसे प्रभु को अराधिहै
सुकविगुपाल क्यों कहावत धनादिपति²
नित धनमाझ अैसी रहति अुपाधि है ॥२७॥

पुनि

निर्धन गरीबनकी बूझतु न कोअु वात
जातिपांति नातहू के होत हित हांति है।
होतें देपि घरमें पुसामदि करत सव
जिकिरि वसाइ आइ निकट बसाते हैं।
उकर वढ़ावें धन ही में धनआवें सदा
या के घर आअेहीते वनें सव वातें हैं।
मिलि वहुधांते करें कारज मुहाते याते
सुकवि गुपाल सव दौलतिके नाते हैं ॥२८॥*

इस्त्रीवाच

सवैया

पाल्है जो तिहु लोकनकी छिन अेकहि मांझ करें सुनिहाल है।
हालहि होत कृपाल दयाल कृपा करि जाकी जगावतु भाल है।
माल्है सूरजकोसो सदा [illegible] [illegible]जनकोकरें वुद्धि विमाल है।
साल्है सो तिहु लोकनकी सोई लाजकी रापनहार गुपाल है ॥२९॥*

दोहा

संपतिकी पति रापिहै श्रीपति पति पति आप।
मिलिकें दंपति में र्रये रतिपति कौसंताप ॥३०॥

---

१. पेदिकें, २. पिय।
* यह है० प्रति में नहीं है।

तन ते उद्यम होतु है उद्यम ते धन होत।
धन ते सुष जस पाइयै याते[1] नाम उदोत ॥३१॥

याते उद्यम करत में कबहु रोकियै नाहि।
धन को प्रापति पाइयै प्यारी याके माँहि ॥३२॥

बिनां गये पर देस के धन प्रापति नहि[2] होइ।
धन प्रापति बिन जगत में क्यों सुख पावै कोइ ॥३३॥

इस्त्रीवाच

कवि गुपाल हमसों अबै कहो सुष्प परदेस।
जब[3] जंयो परदेस को धन कमान सुविसेस[4] ॥३४॥

इति श्री दंपति-वाक्य-विलास नाम काव्ये प्रवीनराय आत्मज गुपाल‡

१. हं० ताते २. हं० क्यों ३. हं० तब ४. हं० कमान के हेत।
‡ हं० प्रति में नहीं है।

द्वितीय विलास

प्रदेस सुष

पुरुसवाच

दोहा

देस छोड़ि परदेस में इतनें सुष सरसात ।
प्यारी सो सुनि लीजियें तिनकी मो सौं बात ॥१॥†

कवित्त

देसन की सैल धनहू की रेलफैल आवें
चातुरी की गैल मन लगत कमैवे में ।
दारिद की हांनि धान[1] मांनन के मांन गुण[2]
मांनन[3] सौं जांनि होति पहचानि छैवे में ॥
फिकिरि[4] न एक गुन आवत अनेक यौं
गृप.लजू विसेप[5] वस्तु आवति मुलेवे में ॥
पैवे अरु दैवे जस लैवेकों सवाद प्यारी ।
एते सुष होत परदेसन के जैवे में ॥२॥

---

†हे० में नहीं है ।

१ हे० धन; २ हे० गुन; ३ हे० मानन; ४ फिरि; ५ हे० विसेक ।

प्रदेस दुख

दोहा

देस रहै सुख नाहि बिना गये परदेस के।
कहतु कहा करि पाइ उद्यम कृत कीए बिना ॥३॥†

इस्तीवाच

कवित्त

ठौर ठौर वास मन रहत उदास वास
वासकों प्रवीन[1] पिय परघर जाइवौ[2]।
अपनी खबरि पहुचाइबौ कठिन पुनि
घरकी पवरि बड़े जतनन पाइवौ॥
समझं न बानी लगं देसन कौं पानी ठगु
चोरत नहानी मिलं समं पं न पाइवौ[3]।
हाय बिमलाइ मरि जाइबौ सहज परि
जाइकं कठिन[4] परदेसकौ कमाइबौ ॥४॥

---

†हि० प्रति में इसके स्थान पर यह सोरठा है।
"जेते कहे न जात तेते दुप परदेस के।
निस दिन साझर प्रात घरकी लौं लागी रहैं।
प्रसग से अनुमान होता है कि यह सोरठा स्त्री द्वारा कहा गया होगा।

१. गुपाल [हो सकता है कि कवि ने अपने पिता 'प्रवीन' के रचित कुछ छद ग्रथ में समाविष्ट किये हों! इस छद में आया 'प्रवीन' नाम इस बात की ओर संकेत करता है। हि० में इसके स्थान पर 'गुपाल' कर दिया गया है।]

२. जायबो ३ पायबो ४. कठन

पुरुषवाच

पूरब

दोहा

रूप बिसेस बिसेस न भूमि सुहामन देस।
जाय करे याते अबै पूरब को परदेस ॥५॥†

कवित्त

ताफता रवाफना मुम्मज्जर श्रीमाफ
मपमल रमु केसी पट नाना सुषदाइयें।
सरस कृपान तरकस रुकमान बाण
जरकसी चीरा हीरा जहाँ जाइ लाइयें।
सुकवि गुपाल फुलवारी धाम धाम अब
श्रीफल कदलि पौंडा पानन को पाइयें।
बड़े बड़े केस होइ नंदुन असेस प्यारी
पूरबके देसमें बिसेस सुष पाइयें ॥६॥†

दोहा

जीवन जीवन हरहि जग प्रान हरै जग प्राण।
पूरबमें जमदूतिका सबको देति पिरान ॥७॥†

इस्त्रीवाच

सोरठा

लगै चोर ठग वाय पेट चलै पानी लगै
कोजै कबहु न जाइ पूरब परदेस कौं ॥८॥†

---

† है० में नहीं है।

कवित्त

पानीं लगि जात बहु फूलि जात गात पुनि
पेट चालि जात कछु पाय जात कबहूँ ॥
जादू करि करि कै सभोग गुपकाज पमु
पछी करि राखें नारि नरन कौं अबहूँ ॥
ब्राह्मन वनिक मीन मास मधु खात तेल
हरद लगाइ न्हात नारी नर सबहूँ ॥
फांसी दैके हाल मारि डारैं ठग जाल याते
जैये न गुपाल दिसि पूरबकी कबहू ॥९॥†

दक्षिनदिसा

पुरुषवाच

दोहा

दयामान धनमान पुनि लोग बडे गुनमान।
याते पछिम देसको कीजे सदा पयान ॥१०॥†

कवित्त

चीरा चीर सालू सेला समला बहाल दार
जरकसी काम जामें होत नाना भाति है ॥
सुकवि गुपाल लाल रतन प्रबाल मनि
मानिक बिसाल मोती महगी सुजाति है ॥
मेवा औ मिठाई फल फूल मूल धूल गूज
तरुनी अनूपन्हा सुजक्त गात है ॥
देखे बने यात सब सोभा सरसात प्यारी
दक्षिन दिसा के सुख कहे नहिं जात हैं ॥११॥ †

---

† हि० में नहीं है

इस्त्रीवाच

दोहा

दक्षण मुनिपिय कांनदे दक्षन दक्षन जात ।
लक्षण लछिन लपि लपन लक्षन ही लगि जांत ॥१२॥†

कवित्त

धोट्टलो उघारी निरलज्ज रहै नारी मांस
मदिरा अहारी द्विज होत अनाचारी हैं ॥
सुकवि गुपाल प्याज लहसन षात सब
लूटैं ठग चोर प्रजा रहै न सुधारी हैं ॥
लोगनि रहन भानजे कों व्याहि बेटी देत
रीति बिपरीति जहां देषत ही न्यारी है ॥
वढत मगारी होति बडवडी ष्वारी दिस
दक्षन मझारी जात होत दुष भारी है ॥१३॥†

पछिमदिस

पुरसवाच

दोहा

रापैं दक्षन तैं अबैं जो दिस पछिम जात ।
ताके अब सुनि लीजियैं प्यारी गुण अवदात ॥२४॥†

कवित्त

लोग दयामांन तिय सुघर सुजांन मीठी
बोलनि निदांन नीर लगैं ना जहाँ कहूँ ।
वृषभ विसाल ऊँट ऊँचे पुलकार वस्त्र
विविध प्रकार ऊन सूत के वहां कहूँ ॥

†हि० में नहीं है

सुकवि गुपाल ताते तरल तुरग मिलै
मधुर मतीर भूप लगति जहां कहूं ।।
पार नहि लहूं हिय सोचत ही रहूं प्यारी
पछिम दिसा के सुप बरनि कहा कहूं ।।१५।।†

इस्त्रीवाच

दोहा

मरत रयनि दिन वारि बिन भटकि भटकि नर नारि ।
करियै नही पयान पिय पछिम ओर निहारि ।।१६।।

कवित्त

धूरिन के थल आवै ढोलकै ढमकै जल
तरु बिन थल तामें सोभा नाहि पामें हैं ।।
चामर रु गेंहू रस गोरस ना फलफूल
मोठ बाजरी कों पाय दिवस वितामै हैं ।।
रहत मलीन धर्म कर्म दूरि हीन सदा
पहरत पीन पट ऊनन के जामे है ।।
सुकवि गुपाल जेते कहत न आमें सदा
तेते दुप होत जात पछिम दिसा मे है ।।१७।।†

उत्तरपंड

पुरुषवाच

हर.दुवार हैकें परसि वद्रीनाथ किदार ।
होत कृतारत जीव यह उत्तरषड मझार ।।१८।।†

---

†दि० में नहीं है ।

कवित्त

लाइची लवंग दाप दाड़िम बदांम सेव
सालिम अँगूर पिस्ता पैयें उठि भोर कौं।
कस्तूरीह केसरि जवित्रि जाइफल दाल
चीनी देवदारकी सुगंधि चहु ओर कौं।
साल औ दुसाला दुसा नांनां पसमीनां ओढ़ि
देषत रहत आछी तियन की मोर कौं।
सुकवि गुपाल प्यारी सुनियें विहोर मोर्य
कह्यो नहि जात सुष उत्तरकी ओर कौं ॥१९॥‡

इस्तीवाच

सदां सीत भयभीत नर व्याघ्र सिंघ ब्रष घोर
करियें नही पयान पिय उत्तर दिस की ओर ॥२०॥‡

कवित्त

विकट पहार झार घने सिंघ स्यार निरवाहु
नहि होत रथ बहल को जामें हैं।
गिलटीह गिल्लर अनेक रोग होत जहां
चारिहु वरन जीवहिंसक हरामें हैं।
सुकवि गुपाल सदा सीत भयभीत नर
बरफ के मारे दुरे रहत गुफा मे हैं।
राह में नगामें छोके उतरत तामें जात
बहु दुष पामें लोग उत्तर दिसामें हैं ॥२१॥‡

इतिश्री दंपति-वाक्य-विलास नाम काव्ये प्रदेससुखदुख वर्नन नाम द्वितीयविलास।

---

‡१० में नहीं है

तृतीय विलास

मास प्रबंध "चैत्रमास"

पुरुसवाच

दोहा

चंत प्रवासहि को भलो सस महिनन मैं होइ।
सीत गरम जामें न बहु दुप व्यापत नहिं कोइ ॥१॥‡

कवित्त

होत पतिझार झार फूलै फुलवारि कौंप
उलहत डारनपै भ्रमर भ्रमायें हैं।
बोलत बिहग सर सरिता उमंग अंग
अंग जे अनंग की तरग कढ़ि छाए हैं।
सुकवि गुपाल जामैं सीत न गरम सम
रजनी दिवस मानों तोलि कें बनाए हैं।
सुप सरसाई होत दपति के भाझे बडे
भागिन ते आए दिन चैत के सुहाए हैं॥२॥‡

इस्तीवाच

कवित्त

सीतल समीर उर तीर सो करेगो पीर
लहरि उठैगी पाँचबानजू के वादिनी।
कोकिला की कूक हूक करेगी करेजे सुप
सेज न सुहेहै परै दूप ह्वै है ता दिनी।

---

‡१० प्रति में नहीं है।

केसू कचनारिन के फूलेफूले हार वन
बागन में लगेंगे अंगार सम ता दिनी।
मेरी कही यादि जब आवैगी गुपाल तब
करैगी बिहाल हाल चैतहि की चांदिनी ॥३॥‡

वैसाखमास

भमर विदेसी नर गंध. होते अंध होत
त्रिविधि पवन दिसविदिसन छाइयें।
सुकबि गुपालजू पराग बरसत अति
अवनि अकासमें सुगंधि सरसाइयें।
सरसरितांनमें कमलकुल फूले बहु
अंबन में कोकिल सबद सुपदाइयें।
ह्याहीं बिरमाइये अनत नहि जाइयें
बिसाप की वहार बड़े भागिनसौं पाइयें ॥४॥‡
कफ कीयो राज वाय पित के अकाज उठै
गरम बढ़ति जाके प्रथमहि पापतें।
जानकी जनम अपतीज नरसिंघव्रत
करि सब नरनारी रहु तरु सापतें।
देषत गुपाल फूल बँगला कुसुम केलि
जल बाग विपिन बिहार अभिलाषतें।
मांनि मेरी भाष प्यारे प्रेमरस चापि आछी
देषो वयसाप बयसाप बयसापतें ॥५॥‡

वैसाखमास के उत्सव : जानकी जन्म, अखतीज, नृसिंह व्रत और फूल बंगला आदि विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाएँ।

‡ है० प्रति में नहीं है।

जेष्ठ मास

पासें पसपाने तहपाने सुपसाने होद
अतर गुलाबन के ठाने तहठा रहैं।
छूटत गुपालजू तिवारन फुहारे न्यारे
जहाँ जलजतुन¹ की परत फुहार हैं।
चदन बिचार द्वार द्वारन पे टाटी
दीह चलत बयारि फूलि रही फुलवारि हैं।
फूलन के हार घर सीतल सहार सोये
सेजन समरि लेत जेठकी बहार है ।।६।।‡
पंथ थॅंबि जाति लघु होति अति राति सूर
तपत प्रभात ही से चड कर कीना में।
सुकवि गुपाल जे प्रबल जल थल जीव
विकल कल न पल परत जवीना में।
मोर अहि मृग सिंघ सोवत अवनि अबु
अनिल अकास ए अनल समचीना में।
लेत-देत, गिरत-परत, जिय ज्यान लगि
जात में विस्वास नहीं आपने विराने कौ।
'सुकवि गुपाल' कर कालिमा कलित रहै
नित प्रति यामें काम परें बनवाने कौ।
अति ही कठिन पहचान कौ सुकाम यातें
भूलि कैं न हूजे सिलैदार सेलपाने कौ॥

---

१. मु. ६ ठेई २ ६ इउने डर नित होइ।

दानादक्ष : पुरुष वाच

दाना दक्षन हाथ ते, दान होत दिन राति।
दुषी दीन द्विजराज गुन, मांन सराहत जात॥

कवित्त

जाके हाथ है कैं ही षरच होत लच्छन[1] कों,
देई–देव, तीरथ औ' सुकरम पक्ष कौं।
ह्वै करि दयाल, सो निहाल करि देत हाल,
भरिकैं भँडार माल मेंटें दुष–तुक्ष कौं।
'सुकवि गुपाल' निसदिन यही कांम, गुंनमान
सनमांन प्रतिपाल बाल वक्षः कौं।
भूपन कौ भक्ष, पुन्य दांन दीन रक्ष, याते
सबही में स्वक्ष, यह कांम[2] दानांदक्ष कौ॥

स्त्री वाच

दोहा

राजन के घर कौ सदां, होत हि दानांदक्ष।
दुषी दीन दुष देपतें होतहु पाप अलक्ष॥

कवित्त

सो तो रहे साई लों' पिसाई रहे बेक पुन्य—
पाप होत आई बुरवाई रहैं मांय[3] कौं।
देट[4] नहि जाय,[5] ताकौ ग्रातमा दुषित होति,
तुषित न रहै षाय जाय जौ पै गाय कौं।

---

१. है. लछन २. है. रुजगार ३. है. हाय ४. है. देत ५. जाकी

'सुकवि गुपालजू' प्रतिगृह कौ देत लेत
दुषी औ' अनाथ दीन छांड़त न साथ कौ।
सतन के साथ, सुनीं हरि गुन गाथ, नाथ
भूलि कै न हूजें दाना-रूप नर-नाथ कौ॥

मंत्री राज : पुरुष उवाच

राजन के दरबार में मंत्रि मंत्र जब देत।
जग[1] जीति जुलमीन सौं जबै जीति जस लेत॥

कवित्त

होत[2] गुनमान, चौधौ विद्या के निधान, नीति—
न्याव के विधान जानें लिये जेते तंत्र में।
आगम निगम सरबगुय बहु बात धात
पच अग गुन पट रापत सुतंत्र में।
'सुकवि गुपाल' होइ सूरिमा, सुसील, छिमा—
वत, ध्रमधारी, सालैं रिपुन के अंत्र, में।
जानें जंत्र-मंत्र, राजा रहै निरंतर याते
ऐसे गुप होत देत मंत्रिन कौ मंत्र में॥

स्त्री उवाच

दोहा

राजन के मंत्रीन कौ, जग जुरत कौ पोत।
मंत्र देत के समे में, इतनें डर नित होत॥

---

१. मु. है. जुरत जग जुलमीन सो जंग जीति जस लेत।
२. है. होय

कवित्त

सांचो जो कहै तौ, जामें राजा रिस होत, मुनि—
सिर के वचन विप सम मुप सूजियें।
'मुकवि गुपाल' सभासद बीच बैठि वड़े
सोच में परत मन मंत्र जब वूझियें।
अुड़ि[1] जात होस, जब आइ जात दोस, सह्यौ
परै नृप रोस- राजकाज लगि घूजियें।
जंग जुरि जूझियें. कि कीजै वात दूजियें, पै
राजदरवारन को मंत्री नहिं हूजियें॥

वकीलायति[2] : पुरुष वाच

रापत सकल नरेस हित, देस होत है नांम।
याते भलौ 'गुपाल कवि' है वकील कौ कांम॥

कवित्त

सभासद जेते रुप राप्यौ करें सदां, सब
देप्यौ करें राज दरवारन के सील कौं।
लिपि-लिपि पत्र, होत वातन विचित्र, राजु
राजा होत मित्र यामें ज्यान नहिं डील कौ।
'मुकवि गुपाल' राज काज के वहाल जानें.
हाल माल मिलैं, नेक लागत न ढील कौ,
चढ्यौ करें पील, बहु वाढतु है सील, याते
सवमें असील, यह कांम है वकील[3] कौ

---

१. है. देव सब दोस यों उडि जात होस, सह्यौ
परै नृपरोस राजकाजि नित छूजियें।
२. मु. वकीलात को रुजिगार ३. है. उजील

स्त्री उवाच

दोहा

निसदिन[1] अरनौं परतु है, पर दरवारन जाय ।
लिपने परत हवाल वहु[2] या वकीलई पाय ॥

सवैया

देसकौं छोडि प्रदेस रहै घर कौ सुपजाने[3] नहीं सपने में ।
दूसरे राज में लागै बुरो, दरवार में बातन में थपने में ।
हाल ही जौपै हवाल लिपें, न, तो काप्यौ करै सदा जी अपने में ।
'राय गुपालजू' याते सदा यतने दुप होत वकीलपने[4] में ॥

पहलमान : पुरुष उवाच

पहलमान के बनन में जोम, रहत तन मांहि ।
अमल मांहि छाके रहै, काहू सो न डरांहि ॥

कवित्त

जान्यौ करै वंअू दाउ–घाउ अेंच–पेचन कौ,
करि कसरनि देप्यौ करत भुजान कौ ।
अमल में छाके बाके बनिकै अदा कै, तोरि
रिपुन के टाके, लेन नावे के मजान कौं ।
'सुकवि गुपाल' लेत गहरी यनामा, गुटि,
झटकि, पटकि, जय मारे बलवान कौ ।
पाय पान–पान बने रहै जवर जवान,
यतने निदान गुन होत पैलमान कौं ॥

---

१ है मव २ है नित ३ है देरे ४ है उकील

स्त्री वाच

दोहा

गुडन की सहुबति रहै, निसदिन आठौ जाँम।
याते नहीं भलौ कछू पहलमांन कौ कांम॥

कवित्त

सवही कौं पोछि मह[1] पांनी परं चीज औ'
निवल वल होत सग तिय के डरत में।
'सुकवि गुपाल' यार वासन में आवे लाज,
देषि वल भारे तें अपारे में मुरत में।
लरत–भिरत अरु गिरत–परत हाथ
पाइ टूटि जात वार लागें न मुरत में।
रहै अकरत[2] कसरति के करत, कछु
कांम निकरत नहिं मल्लई करत में॥

राजचाकरी[3] : पुरुष उवाच

जमादार सूवेदार, चपरासी रुपनास निज।
सिपाही चौकीदार, इनके सुप वरनन करुं॥

पलटीन पर सूवेदार मुपत्यार रहै
हुक्म जमादार कौं सिपाही माने जेते है।
है कै चपरासी चाहै ताहि धमकामें चौकी–
दारी माहि चोरन कौ मारि माल लेते है।
करे ते पवासो षुस प्वामद रहत औ'
सिपाह में सिपाही मजा लियौ करे जेते है।
'सुकवि गुपाल' जू कहे न जात येते इन
चाकरी में चाकर कूं होत सुष तेते है॥

---

१. है. मु. मुर २. मु. अकरुव ३. यह केवल 'है.' में है। 'मु' और 'वृ' में नहीं है।

स्त्री उवाच

आय कहौ बिन कोइ, एक नहीं सिप मानिये।
लाप टका बिनि होइ, तउ न करौ ये चाकरी॥

ह्वैहौ सूबेदार, है है मार तरवार धार,
बनि जमादार सिरदार ब्यार बहिहौ।
बाँधि चपरास कौ दुपाइहौ गरीबै चौकी—
दार बनि राति में पुकारत ही रहिहौ।
करि हौ पवासी, तौ कहाइ हौ पवास, कहूँ
ह्वैहौ जो सिपाही सदा आठौ जाम बहिहौ।
भू—चि गुपाल' मेरी व त को न गाहिहौ तौ
सबते बहुत दुप चाकरी कौ सहिहौ॥

चाकरो[1]: पुरुष उवाच

और काम सब छाँडि के, करहु चाकरी जाय।
जामें जे सुप होत हे, सुनहु श्रमन मन लाय॥

जौम जिय रापैं, मरदाई नैन भापैं नित[3]
रापत भरोसो भारी भुजन में ठोकी है।
काहू सो न डरैं, रन सनमुप अरैं, अरु
नैनन में भरैं, लै प्रताप सूरई को है।
पायके पुराव पिजि[4]मिरि करैं ख्यामद[5] की,
छैन बन्यो रहै, सो रहै न सोच[6]जीको है।
कहत[7] 'गुपाल' यामें सुप सबही कौं सदा,
याते यह नीको रजगार चाकरी को है॥

---

१ यह विषय है' 'मु म है 'बु' म नहीं है।२ मु सज्जन कविराव
३ मु नित ४ मु दिदमत ५ मु ख्यादिद ६ मु मोष ज्ञ नहीं
७ मु सुकवि

स्त्री वाच

होत[१] प्रोनि की हानि, चतुर चाकरी करत में।
घटैं उकर-अभिमान, चैन न पावें चित्त में ॥

वहनो[२] परत नित,[३] रहनो परत पास,
सहनो परत दुप, भली औ' बुरी को है।
चाकर कहावै, बड़ो दरजा न पावें, भारी
नाम को घटावै, औ' हटावे हित हो को है।
कहत 'गुपाल' देह बिकतो पराये हाथ,
मार-धार परें यामें होत ज्यान जो को है।
कुजस को टीको, मोहि लागत न नीको याते
सब ही ते फीको[४] यह पेसो चाकरी को है ॥

सूरवीर : पुरुष उवाच

जाहर जस जग में रहै, तेज होत[५] परचंड।
सूरवीर रण रारि करि, फोरि जात ब्रह्मंड ॥

कवित्त

जाइ-जाइ, धाय-धाय, करें चाय-चायन
'गुपाल' दाय, घाय, पाय हरें परपीर कों।
जग जस छायकें, वरंगना वराय आप,
जान चढ़ि जाइ, दिव्य पाइकें सरीर कों।

---

१. होइ २. मु. गुहानो ३ मु. यामें ४. मु. में
५. है. होय

बारबार सहे तरवारि-धार, बार तिल--
तिल तन कढेहू पै सहै सेल तीर को।
होत[1] रनधीर, यों कहावतु है बीर, याते
सबमें अमीर यह काम[2] सूरबीर कों॥

स्त्री उवाच

दोहा

[3]रुड अरै. रन में मरै, लरै परै रन सोइ।
कठिन छत्रिया धर्म कौं, याते काम सु होइ॥

कवित्त

सनमुख है करि हथ्यारन की सहैं आंच,
चाय प्रान देनु छोडि कुटम लुगाई कौ।
पाच की पचासन ते, आय परें जग जब,
बिगरें जनम पाछे बगदत पाईं कौ।
होत बदनाम, जो प स्वामि के न आवे काम
धाह को कनाम होन होत कही गाई को।
'सुकवि गुपाल' करै रुड हू लराई, याते
बडो दुखदाई यह काम[4] सूरताई कौं॥

सिपाई के

और काम सब छोडि कें, करै नाकरी जाइ।
जामें जे सुख होत हैं, सुनि प्यारी चित लाइ॥

---

१ है रजगार २ है रड लरै रन म जरै मरै परै रन माह।
३ है रजगार

जीम जिय रापें, मरदाई बैन भापें, नित
रापत भरोसो भारी भुज की कमाई को।
काहू सौं न डरें, रन सनमुप अरें, अरु
नैंन में भरें, लै प्रताप सूरताई को।

पाय कै पुराक पिजमति करें प्वामद की,
छैन वन्यौ रहै सो रहै न सो चकाई कौ
फैलति अवाई, यौं 'गुपाल' की सवाई याते
बड़ी सुपदाई यह कामहू सिपाई कौ॥

सोरठा :

होइ प्रीति की हांनि, चतुर चाकरी करत मैं।
घटै अुकर अभिमांन, चैंन न पावै चित्त मैं॥

कवित्त

बहनौं परत नित, रहनौं परत पास,
सहनौं परत दुप, भलो औ' बुरो कौ है।
चाकर कहावैं, बड़ो दरजा न पावैं, भारी
नांम कौं घटावैं ओ हटावैं हित ही कौ है।

कहत 'गुपाल' देह निकति पराअे हाथ
मार मार-धार परें, जुयांन होत जी कौ है।
कुजस कौ टीकौ, मोहि लागत न नीकौ, याते
सबही मैं फीकौ, यह ऐसी चाकरी कौ है।

बहु चाकरी[1]

काजी[2] अरु वाली[1] रु पुनि नायक तुरक सवार।
हवालदार सूबदार पुनि रहत राज दरबार॥

कवित्त

काजी मत न्याय निवटायबौ करत पुनि
नायब निगाह सही करि लिये तेते हैं।
तुरक सवारी में सवारी रहै घाम की
है कै हवाल यक्वाल जानें जेते हैं।
पलटन पर सूबेदार मुख्त्यार और
हवालदारी पाय कै हवल जानें केते हैं।
सुकवि गुपालजू कह न जात जेते, बहु—
चाकरी में चाकर तूं होत सुख तेते हैं॥[3]

---

१ है प्रति में पुनचाकरी है।
२ है—नाजर नायब मुसाहिब मुसद्दीर बख्शार।
अरु दरबारहु के कहूँ सब सुख हिय विचारि॥
सु—नायब मुसाहिब मुख्त्यार सिपाह।
चौकीदार रु पौरिया रहत राज दरबार॥
३ है—दनि के मुसद्दी गद्दी दाबि करि बैठे सदा
नाजर हवाल के सवाल कहे जात हैं।
साहब के साहिबी मुसाहिब करत रहै
नायब निगाह रही करि लिये तेते हैं।
हैके बख्शार बख्शारन सो लेत [illegible]
दान बख्शार बख्शारन सो [illegible] हैं।
सु—[illegible] के साहिबी मुसाहिब करत रहै
नायब निगाह सहि बाग लिये [illegible] हैं।
तुरक सवारी [illegible] की सम्भार चौकी
दारी माहि घाम का सारि [illegible] है।
पलटन पर सूबेदार मुख्त्यार और
सिपाह में सिपाही सजा सोधी करें केते हैं।
[चौथी पंक्ति तीनों प्रतियों में समान है।]

सोरठा

लाप[1] कहहु किनि कोइ, अेक नहो सिप मानिये ।
लाप[2] टका किनि होइ, तऊ न करो कहू चाकरी[3] ॥

कवित्त

काजी भये न्याय की विद्दनि मे रहै, पुनि
नाइवी में पैहौ दगा मिलि जो न रहिहो ।
तुरक सवारी भये रहिहो समार ही में,
इकवाली होत इकवालन नों दहिहो ।
हैहो सूबेदार नैहो मार तरवार धार,
है हवालदार पै हवाल बुरो सहिहो ।
'सुकवि गुपाल' मेरी बात कों न गहिहो तो
सब ते बहुत दुप चाकरी में सहिहो[4] ॥

---

१. मु. आय २. मु एक
३. है दोहा इस प्रकार है —
सिरकारन की चाकरी, बडी कठन की धार ।
नेक फरेबी निकर ते, दीजे याहि निवारि ॥
४. है.—ह्वै हो जो सुभट्टी तो पै सब की सहोगे वही
नाजरपने मे सदा साहब सो दहिहो ।
पाइयो न कछु सुप साहिबी मुसाहिबी मे,
नाइवी मे पैइहो दगा मिलि जौन रहिहो ।
वैठन फिरोगे बटवार बनि बाटन पै
हैके पटवार बुरो सबही सो कहिहो ।
मु.—पाइवी न कछु सुप साहिबी मुसाहिबी मे
नायवी में पैइहो दगा मिलि जो न रहिहो ।
ह्वैहो सूबेदार पैहो मार तरवार धार
ह्वै हो जो सिपाही सदा आठों याम बहिहो ।
गहू की सम्हार भार तुरकसवारी चोवो—
दार बनि रानि मे पुकारा ही रहिहो ।
[चौथी पंक्ति सभी मे समान है ।]

द्वालीवन्व : पुरुष उवाच

रहि दरवान में सदा सब की जानत सार।
दयो करै द्वागाह दृशा, द्वाली बदन द्वार॥

कवित्त

भूमिया, मुवार, सिरदार, जौंमदार, जेते,
राख्यो करै रुप भारी करि-करि प्यार पै।
सबकी अरज करि पकरि गुजारै जाय
तिनही की बात पस परति हजार पै।
ठाढो करि राय महाराज के हुक्महू पै
रिस करि जाको कर्यो चाहें जौ बिगार पै।
'सुकवि गुपाल' गाने राजन की सार होत
दरजा अपार द्वाली बदन को द्वार पै॥

स्त्री उवाच

दोहा

घटन जानि-पहचानि, घर पान-पान की जान।
याते यह दरमान को अधम बुरो निदान॥

कवित्त

सहनी परति है अवाजें औ' तवाजें नित
रायन सिगट टरि सकत न भाजें को।
जानने परत बहु कायदा-कदरि, नौकरी
ते बेतरफ होत करत अकाजें कौ।
यन दुखी दीनन के रोकिये को पाप पुन—
पकरि गुजारत में रहै डर राजें को।
'सुकवि गुपाल' होनी परत निवाजें, याते
भूलि कै न हूजें दरमान दरवाजें कौ॥

चोबदार : पुरुष उवाच

दरबारन में जाइबे, सारत सबको काम
मिलत चोबदारन तहाँ, वारत मुक्ता दाम।[1]
राजदरबारन में हाजर हजूर रहैं,
बढ़त सहूर नूर लेतह बहार को।
काम आय परे, सदा जाते सब लोगन कों
राअ अुमराअु, सेट-भुमिया गुवार को।
'सुकवि गुपाल' चाहै ताहि रोकि देइ, औ'
गिलाय हाल देइ भने अरज-गुजार को।
सबही को प्यार रहै, राजदरबार, याते
सबमें अगार रुजिगार चोबदार को।

स्त्री उवाच

दोहा

ठाढ़ो रहनो परतु है, निस दिन आठौं जाँम।
याते बड़ौ निकाम, यह चोबदार को काम॥

कवित्त

सबही की अरज गुजारनो परति, यामें
लागत है पाप, रोपै दीन दुपकारी कों।
जान देइ भोतर, तौ राजा रिस होत, नहिं
जान देइ भीतर तौ लोग देत गारी को।
'सुकवि गुपाल' गरौ परि जात भारी, अगवारी
के भअे पै बढि बोलत अगारी कौं।
छोड़ि घरवारौ, सदा ठाढो रहै दुवारौ, याते
बड़ो दुपकारी यह काम[2] चोबदारी कौं॥

---

१. यह दोहा मु में है, वृ. मे नहीं। २. रुजिगार

हलकारे : पुरुष उवाच

दोहा

ठौढा[1] रहनो परतु है निसदिन आठौ जाम ।
याते भलौ गुपाल कवि' हलकारन कौं काम ॥

कवित्त

सैल देस–देसन, नरेसन की देखें आपि,
नाँम परयौ करत जरूर काम–वारे कौं ।
'सुकवि गुपाल' तिनें रोकत न कोऊ कहूँ
चल्यौ क्यो न करो नित साझ लौं सवारे कौं ।
वार न लगति रजवारन के वारन में
गहरी मिलति मौज मजलि के मारे कौं ।
राजन के द्वारे, करैं बातन के वारे–न्यारे,
याते सुप भारे सदा होत हलकारे कौं ॥

स्त्री उवाच

दोहा

राति दिना चलनौं परत, दैनो परत जवाब ।
छिन भरि कबहू रहत नहि, हलकारन के पाँव ॥

कवित्त

राह ही में रहै परदेस[2] दुप सहै ठग
दौरत ते दहै देह चलत अवार कौं ।
जाय कैं मिताव, पहुचैं न जो जवाव, तव
होत बडो रुवाव राजु राजे के हजार कौं ।

---

१ है मु —दस दिदरा नरत हित, महूँ माँग सप दाम ।
२ है मू ठे ३ है राजिनि

'सुकवि गुपाल' हेला-हेली मचो रहै औ,[1]
मजलि रहि जाय जब[2] बेली रहि हारे कौं ।
परि जात कारे, पाग्रु थकि जात न्यारे, याते
सबही ते भारे दुप होत हलकारे कौं ।।

धाभ्रू : पुरुष उवाच

भागि जगैं जाकौ सदा, होइ दूसरो राज ।
राजन के धाभून कौ मिलत बड़े सुप-साज ।।

कवित्त

जग में अुदोत जोति तेज सौ पुरस होत,
राजा मान्यौ करत अुकर[3] जैसें दाभ्रू कौ ।
पांन-पान-काजें जे निकरि आमें गांम, तिनें
पायौ करें सदां सात सापि तोसी जाभ्रू कौं ।
'सुकवि गुपालजू' सदां कौ घर होत, इतवार
रहै अैसौ जैसौ और नांहि काभ्रू कौ[4]
होत है कमाऊ, दबैं राभ्रु-अुमराभ्रु, याते
सब में अगाभ्रू यह कांम भलो धाभ्रू कौं ।।

स्त्री उवाच

दोहा

बड़ी कठिन को चाकरी, पर आधीनें रहाइ ।
राजन के घर कौ कबहुं, धाभ्रू हूजै नांहि[5] ।।

---

१. हे. मु. औ २. मु. जहां ३. मु: अदब ४. मु. में यह द्वितीय चरण है । ५. मु. नाय

कवित्त

रापनी परति तिय आपनी पराअे घर,
तावे सुत-सुता सुख पावत न नेगि कौं।
राजा के टिगारी[1] नित रापतौं परत दर-
वारो जर्यो करै बात करत में पेस कौं।
'सुकवि गुपाल' हिन्दू[3]-पार[4]-जाति[5] वध्र सदा,
तावौं नित प्रति नाम धरत त्रिमम कौं।
छूटै निज देस, सुप पावत न लेस, याते
धाऊ नहि हूजे, काहू जायकें नरस कौं॥

पोजा कौ : पुरुष उवाच

जब होइ पोजा जायकें, रनमासन को कोद।
रावनि राजन के यहा, तब अेते सुप होइ॥

कवित्त

काम न सनावै, वडे दरजा कों पावै, सदा
मूज्यो करै राज, हुकम मानें सब कोना कौ।
सबते पहल रनसाल में पहुच होति.
रानी अरु राजा[6] हुकम मान्यो करें दोजा कौ।
'सुकवि गुपाल' दरवारन[7] में वैठि जान्यो-
करै टडवडे[8] गुनमानन के चोजा कौ।
पुलि जाय रोजा, बडो भारी होइ बोझा,[9] सदा[10]
मार्यो करै मौजा, काम करतहि पोजा कौ[11]॥

---

१. निकट २. रहनो ३ मु जाति ४. मु पारे ५ ।न्य
६ मु राना और रानी ७ मु सरदार ८ मु दन-बडे
९. मु बोजा १० मु दा। ११ मु सबही म कमो अजिवार
सहू थोजा को

स्त्री उवाच

दोहा

पोजा कबहुँ न हूजियै, रनमासन[1] कौं जाइ।
निसदिन तिन कौं सबन कौ, अरज गुजारत जाइ॥

कवित्त

मरद न महरी कहत तासौं, अैसें सब
कबहीं[2] न जानें नेंक विषै के हुलास कौं।
सुत अरु सुता नांम–गांम कौ न जानें सुप,
रहै काहू कांम कौ न, नांम बुरौ तास[4] कौ।
'सुकवि गुपाल' सुनि सबकी पर्वरि दरबार[5]
में गुजारनी परति सदां तास कौ।
घर तें गुदांस बन्यौ रहत पवास यातें,
भूलि के न हूजे कहूं पोजा रनमांस कौ॥

चिरवादार : पुरुष उवाच

ओपधि किम्मित जाति गुन, जानत परष सवार।
चढि घोड़न लीयौ करै चिरवादार बहार॥

कवित्त

घोड़न पै चढ़ै, संग रहैं सिरदारन के,
जानें जाति–किम्मित, अनेकन सवारी कौं।
'सुकवि गुपाल' जे निकारें घनी चाल हाल,
माल मारि जात देत नेत में बिपारी कौ।

---

१. मू. रनदासन २. मु नानों ३. मु. कबहूँ ४. मू. नाउ
५. मुनि पर्वरि मरज लै हजूर नें।

साल्लोत्तर पढ़ि नाना भातिन की जानें दवा,
पावत यनाम नाम करिके तयारी की।
परपै हजारी, बृज करै नृप भारी, याते
बड़ो सुपकारी यह काम चिरवादारी को॥

स्त्री उवाच

दोहा

दौरत-दौरत द्वार पै, मट्टी होति पुआर।
यारी देतु न करम तब, होतुह चिरवादार॥

कवित्त

दाने-घास-पानी को मसाले न पकावन,
पुजावन सिपायत में मानि जात हारी को।
लगि जात लात, हद्दिजात काढ़ि पान, ताको
माष्टर औ' डक पाय जान दह मारी को।
'सुकविगुपाल' घोड़ा करि कै नयार, पाछै
दोग्नो परत, पुनि मग उमग्रारी को।
हत्या होति भारी, मर्म देत नहि यारी, याते
बड़ो दुपकारी यह काम चिरवादारी को॥

पवासी पुरुष उवाच

मदा राज को हित [illegible], रहा [illegible] दिन रात।
यातें सबही में भगी,[1] या जग माज पनाम॥

---

१ [illegible]

कवित्त

करत खुसामदि अनेक लोग आइ जाकी,
कनि के मजेज राखे काहू की न आस कौं।
परम प्रवीन-बीन, बातन को जानें नित
जगर-मगर राख्यौ करत मवास कौं।
'सुकवि गुपालजू' लिहाज सौं रहत करें—
तोड़न इकाज कौं कहावतु[१] है पास कौं।
सदा रहे पास, राजा मानें बिसवास, यातें
बड़ौ सुपरास रुजिगारहू पवास कौं ॥

स्त्री उवाच

दोहा

नीच टहल करनी परति रहिकैं सबदिन पास।[२]
तातें सबही में बुरौ, या जग भाँति पवास ॥

कवित्त

हाथन[३] में छाले, कँऊ बात[४] के रहत लाले,
परे परें पाले, बड़ी करत तलासी कौं।
करनी परति नीच टहल अनेक भाँति
राति दिना यामें भोग्यौ करतु[५] चुरासी कौं।
'सुकवि गुपाल' झूंठी—कूठी पानी परें वित
संग जानी परें असवारी में सुपासी कौं।
रहत उदासी, जिय जायी करें मासी, यातें
बड़ौ दुख—रासी, रुजगारहू पवासी कौं ॥

---

१. है. कहावति
२. है. सुख रहि रहत उदास सौं सब कोइ रहत [कहत] पवास।
मु. बैठ्यौ रहत उदास सौं, सब कोउ कहत पवास।
३. है. मु. गोटुआन ४. मु. काम ५. है. करिकें ६. है. नित भोगत

गुलाम पुरुष उवाच

रहत हजूर हजूर के, सदा आठहू जाम।
याते सबमें काम को है गुलाम को काम॥

सवैया

नित आठहू जाम हजूर रहै, पहुचावै सबी को सलामनि कों।
नुकता पै रिझाय के राजन ते, सदा पायो करै है यनामन कों।
सबमें अुमराव बनेई रहै, दरबारिन के करि कामहिं कों।
यह तें यह 'राय गुपाल' भलो सबमे रुजिगार गुलामन को॥

स्त्री उवाच

दोहा

नाम होत बदनाम पुनि, सब कोई कहत गुलाम।
कामन ते छूटै न छिन, लेइ न नेक अराम[1]॥

कवित्त

करनी परति जाइ नकिकै सलाम, झूंठो,
मिलै पान-पान, नहिं दरजा छदाम को।
'सुकवि गुपाल' यह काम के करत नेक
पावै न अराम, रहै काहू के न काम को।
ठहरै न पास, बड़ो होतु है हराम, आठो
जाम सहि नाम-बदनाम करै नाम को।
लिख्यो है कलाम, आवै दोसला कलाम, याते
सबमें निकाम, यह कामहु गुलाम को॥

पिलमांन[2] पुरुष उवाच

तबनै अंकुस हाथ पै गज पै बैठत आनि।
राजन के पिलमान जब, होतहु राज समान॥

---

[1] मू. याते काहू का नहीं, हुवै आप सुलाम। [2] मू. पीलवान

कवित्त

गजको सवारी. बैठे राजा के अगारी, रुप
राषे सिग्दारी, बस करे बलवान कौं।
'मुकवि गुपाल' सदा सधै[1] सौंप—सांन, घनौं
घृत औं मलीदा नित मिलै पांन—पांन कौं।
मुकृत कौ काम घनी मिलति यनाम, रहि
राजन के धांम, स्वाफ[2] रापत जवान कौं।
होत अक्लिमान. नृप पावत निदांन, बड़े
होत जोमवान, काम करि पिलमान कौ ॥

स्त्री उवाच

दोहा

पांन—पान करवावते, गज नित लेत पिरांन।
कांम वहै पिलमान कौ, याते बुरो निदांन ॥

कवित्त

रहनौं परत निसदिन काल—गाल ही में,
होत बुरो हाल, डर रहै जिय ज्यांन कौं।
'मुकवि गुपाल' जहां चलै तोप—बान, तहां
चलनौ परत रन सांह्मौ,[3] घमसांन[4] कौं।
करिकै हिरान जौ न देइ पांन—पांन, दाव
लगे मैं निदांन, चीरि लेत गज प्राण कौं।
चैर्य जोर ज्वाब, बन परत बिरांन, याते
बड़ोई गैवान, कांम यह पिलवान कौ ॥

---

१. मु. साधो २. मु गर्द
३. मु. रणसन्मी ४. घमस्सना

गडमान : पुरुष उवाच

रथ बैठे रथमान के, रजई आवति हाथ।
बाल करत महाराज[1] सौं, करत खुसामदि जात ॥

कवित्त

पावैं सिरदारन के बैठक अगारी, भलौ—
नितप्रति यामें माल मिलै पान-पान कौं।
देस औ' विदेस नर[2]-नारिन सौं हेत होत
भलभले लोगन सौं जानि पहचानि कौ।
'सुकवि गुपाल' असवारी ही में चलै, मेलै—
ठेलन में सदा लीयौ करत मजान कौं।
आवत सयान, होत नित नयौ मान, सुष
ऐते मिलैं आन, रथमान-गडमान कौं ॥

दोहा

चोर टोर कौ[3] डर रहै, धूरि परै सिर मांझ।
राह चलत गडमान कौ धँवे, कौं मिलैं सांझ ॥

---

१. है सिरदार सौ पाछे विचरतजात। मु. बडे लोग सादर कत्न, मटूष मिलतसुष साग। २ है बट्ट ३. है मु. चोरन ते डरप्यौ करत धूरि परत सिर मांझ।

कवित्त

राह ही में रहै,[१] परदेस दुप सहै,[२] सीत
घांम जल सहै, पावै बाहर उतारे कौं ।
गारी पात हाल, सिर पेल्यौ करैं काल, भगि
जात यलजाम[३] यामें नेंक वैल मारे कौं ।
'सुकवि गुपाल' रहै परच कौ पालौं, नित
रातिदिन लालौ रह्यौ करैं दाने-चारे कौं ।
टूट्यौ करैं, मारे दिक्य[४] रहैं घरवारे, यातें
होत दुप भारे, रयवारे गड़वारे[५] कौं ॥

मुल्ला : पुरुष उवाच

होत पूरकस यलम में, ग्म्न जबान दराज ।
पढ़त पारसी अकलि के मुल्ला होत जिहाज[६] ॥

कवित्त

करत सलामी सहजादे औं अमीरजादे,
ताको अदबजादे लोग रापत मुहलौ के[७] ।
पिजिमित करि कें पुसामदि करत पांना,
आगें से पड़े रहै फ़र्जंद[९] भल भल्लौ के ।
'सुकवि गुपालजू' हजारन किताबन की
कहत तिनाव, बाज पारसी की रल्लौ के ।
मोटे होत कल्ले,[१०] कहीं रहै ना इकल्ले, यातें
दरजा मुभल्ले, होत पलही में मुल्लौ के ॥

---

१. मु. राह तन दहै २. मु. प्रदेशन में रहै ३. मु. इलजाम ४. मु. दिक्क ५. मु. रखवान गल्मा ६. मु. जहाज ७. मु. मुहल्ला के । इसी छन्द पंक्तियों में अन्त्यनुप्रास मल्ला, रल्ला, और मुल्ला है । ८. मु. खिदमत ९. मु. कुमर १०. मु. कल्ला; इसी प्रकार आगे इल्ला, और गुमल्ला

स्त्री उवाच

दोहा

पढत पढावत में मगज, सब पच्ची ह्वै जात।
लडको से मुल्लान की, अकलि चरप ह्वै जाति ॥

कवित्त

फूटे जात कान, पा सकें न पान-पान, घब-
राय जाति जानि, छोहरों के होत हल्ला कों।
'सुकवि गुपाल' दूर्प हालत में मत्ला सब,
पूछि पूछि पाऐ जात पोपरा इकल्ला कों।
रहत निवल्ला, वडो लगत[1] झमल्ला, जब
कहि अलो अल्ला, सो जगावत मुहल्ला कों।
बढे रहें कुल्ला, लोग कहत मुसल्ला, आप
होत मति भुल्ला काम करतहि मुल्ला को ॥

हकीम : पुरुष उवाच

चढत नालिकी पालिकी,[2] बोलत सग नकीम।
रजवारन में[3] जायकें, जब कोऊ होत हकीम[4] ॥

कवित्त

हय-गय-रथ-पालिकीन में चढत, बहु
बढत पत्यारो, सो निकारें तरकीबी में।
'सुकवि गुपाल' दरमाहू यौ घर आयौ करें,
पावैं बडो दरजा, गिवाय काम बीबी में।

---

१. मु. मगजु २. चमत पालकी रथन में ३ मु कौ ४. मु होत
मु अर्वाइ हकीम।

जानत मरज, करि ओषधि अरज, होइ
समज[1] सिवाय पारसी औ' अरबी बी में।
मिले ग्राम जीमी, सब कहत करीमी, याते
येते सुप होत रजवारे की हकीमी में॥

स्त्रीवाच

दोहा

रहत काल के गाल में, छुट्टी मिलत[2] न जाइ।[3]
दूजे कहूं हकीम नहिं, रजवारन कौं[4] जाइ॥

कवित्त

रहत दुपारे, दिक्य[5] रहै घर बारे, रोग
बढ़ि गये भारे, ढील लगति न मारे कौं।
'सुकवि गुपाल' दवादारू के करत, नहीं[6]
मिलै छुटकारी, कवी सांझ लौं सवारे कौं[7]।
आदत औ' जादत में, महज दिषावत में,
दिक्य[8] करि लोग, लेइ, नीयें जात द्वारे कौ।
हारत जमारो,[9] लोग कहत हत्यारो[10] याते[11]
पावै दुषभारो है हकीम रजवारे कौं॥

कलामत: पुरुष वाच

गावत गावत सदन में[12] गहरी सदां यनांम[13]।
बाते महू गुन कदरि कौं, कलामतन कौ काम॥

---

१. मु. समझ २. मु. मिलति ३. मु. ताप ४. मु. का
५. मु. दिवक ६. मु. नेक ७. मु. में यह तृतीय चरण है। ८. मु. [illegible]
९. मु. हत्यारे १०. मु. सदा ११. मु. भारे दुख पावै है
१२. मु. ।। १३. मु. इनाम

मोदीषानौ : पुरुष उवाच

मोदीषानें राज कौ, जब कोऊ मोदी होत ।
भरम, धरम, हुरमति, सरम, बढ़त धरम, धन, जोत ।[१]

कवित्त

जा[२] दिनतें भरम, धम्म बढि जात घनौ,
कायदा कदरि[३] पावें सबते सभा में है ।
माल लेत देन कहूं[४] नाही नहीं होति जाकी
सही बात होति, चाहे ताकूं धमकामे[५] है ।
'सुकवि गुपानजू' तगादौ न करामें,[६] घर
बैठही कमामें,[७] नका होनि घनौ तामें है ।
बड़ौ होत नामें काम सब कौ चलामें[८] भअे
मोदी महाराजन कौ अेते सुष पामें[९] है ॥

स्त्रीउवाच
दोहा

मोदीषाने नें बहुत, काम परत दिनराति[१०] ।
राजन के मोदीन कौ, यातें वोदी बात ॥

कवित्त

लोग करें ख्वारी,[११] तगादे रहें जारी, कहूं
मिटै न उधारी, भीर परे चहुं कौदी[१२] की ।
त्रस होत गात, सोच में ही दिन जात, यौ
'गुपाल' दिनराति सोध धरत न सोधौ की ।

---

१. वृ. जोति । २. मु. सा. ३. मु. अकर ४. मृ. कोहू
५ मु. धमकावें ६. करावें ७. नृ. कमावै .८ मृ. चाहे ताही
की जिता मे ९. मु. यामें । १०. वृ राति ११. वृ. वौ १२. मु. मोदी

रहन लखूट, घर होत टॅट बूट, घर
घर[1] होइ फूट, यात रहै न[2] विनोदो की[3] ।
होत बडो ओधी,[4] बैर करत विरोधी याते
बोदींगति होति. महाराजन के मोदी की ॥

इतिश्री दर्पनिवारन विलास नाम ग्रन्थे राजप्रबंधवर्णन नाम षोडशो विलास .

---

१. मू. टोर-ठोर २ मू बिगरै ३. मू. मे यह द्वितीय चरण है
४. मू. ओध

सप्तदश विलास

फिरंग प्रबन्ध[1] : पुरुष उवाच

दोहा

माने गग, कुटान[2] कों, राखें नाम' रु टेक ।
अस्कनि ते पैचें सदा, पैमा महति विवेक ॥

कवित्त

न्यार[3] फौज राखे, मंत्र काहू सौं न भाखे, जोर
चातुरी कौ राखें, काम करें न लवेज कौ ।
पाप–पुन्य छाने, फूट फरेब न जानें, ऐन–
की हीं[4] बात ठानें, न्याव करें नहिं हेज कौ ।
'सुकवि गुपाल' सदा सूरज कौ इष्ट, बड़ी
कंपिनी की मानें आन, राखें न मजेज कौ ।
धरे तन तेज, सदा बैठत है मेज, याहि
सब मे अमेज, यह कोम[5] अँगरेज कौ ॥

जंगी कारपनिन की भरती करत सदा
फौज कौं सिपायों करें करि–करि हेज कौं ।
'सुकवि गुपाल' जंगु जुरती वपत, फेरि
मुरन न मोरे, करि काहू परहेज कौं ।

---

१. मु. में अ 'अथ रंगी प्रबंध वर्णन' तत्रादि फिरंगी रजिगार ।
२. वृ. कुराण ३. मृ. न्वार ४. बृ. अनेकौ हीं ५. मृ. रजिगार

जाकों पाप होइ, ताके सिर पर रापे, झूठो
न्याव नहिं करैं, करि-करि लग लेज को।
धरे तन तेज, सदा बैठत है मेज याते
सब में अमेज, यह काम अंगरेज को॥

स्त्री उवाच

दोहा

रापत[1] फौज तयारजे, जानत बडो फिरंग।
जग जुरत जुलमीन सों जब जीतन जुरि जंग।

कवित्त

बरम्मन लागै, तऊ टूटत न न्याय, परो
परत उठाय करि देत हाय तंगी को।
हिंदउस्तानी[2] रिसपत पाइ जात ऊंची,
नीचो करि दवे, परवायौ करै चगा को[3]।
कर जरीमानों और बहरी रसूम लै,
पजारै सटामटि[4] मूडै पैसे दाम दगी को।
रापत न संगी, खानसामा करैं भंगी, याते
सब में कुढंगी यह काम है फिरंगी को।

रह्यो करै यामें बडो कपिनी को डर, अंत,
कौमन, विगरि काम सरत न जंगी कौं।
'सुकवि गुलाल' समझें न राग-रंगो गुन-
मानन के काजे सदा हाय रापें तंगी को।

---

१. मु. रागे २. म. हिंदुस्तानी ३. मु. एहन लौ एव करवायो करै दगी का। ४. मु. सटामटि

जियन बिनासैं, अेक ठौर न प्रकासैं जाय,
　　लरि न सकत बारैं मांस कहू चगी कौ।
रापत न संगी पानसांमा करैं भंगी याते
　　सब में कुरगो यह काम है फिरगो कौ॥

[1]पहरत टोपी, टोपी धरि कैं मिलत, पासी
　　पिलति न रापै, लाज आवति न सगी कौ।
बीबी सग लेले, सदां डोलत अकेले, कहूँ
　　रहत न भेले, सदां लेले फौज दंगी कौ।
'सुकवि गुपाल' होनि आतस अधिक, मुप
　　मौंछ नहीं रापै, पांगें धरि सिर रंगी कौ।
रापत न संगी पानसांमा करैं भंगी, याते
　　सब में कुढंगी यह कांम हैं फिरंगी कौं॥

फिरंगीराज : पुरुष उवाच

डाड़त न काहू, कबौ मारत न काहू, प्रान
　　करै जाई देई डंड, रहै न बिराज मैं।
नाहर औ गाय घाट अेक पानो प्यावै नित
　　धरम की जानें जंग जोरत अवाज मैं।
'सुकवि गुपाल' चंदा, रोजी, नांजमीन कहूं
　　काहू की दई की न लगावैं पन्याज मैं।
करें न अकाज, डर गये सब भाजि, भये
　　राम के से राज, अँगरेजन के राज मैं।

१- यह कवित्त मु॰ में नहीं है। २: यह प्रसंग मु॰ प्र॰ में नहीं है।

स्त्री उवाच

दोहा

घर घर फूट औ' फरेब झूठ सांच, बरकनि
    नहिं नेंक, यामे सासे रहें नाज के।
चोर निरभय, अरु साहु घिर फिरें, यल–
    जाम लगें यामें, नेंक निकरें अवाज के।
'सुकवि गुपाल' भली बुरी भेद भाव, काहू
    गुन की न बूझ, रुजिगारन लिहाज के।
पिचें महाराज प्रजा दुखित निलाज वह
    जात न अवाज अंगरेजन के रजा के॥

सदर सदूलो[1] : पुरुष उवाच

रहु आपदि की फूल, दरजा पाय बड़ो मदा।
बोझू करन अतूल, सदर सदूनी करन में॥

कवित्त

कुरसी मिलनि अंगरेजन की लागी, जामें
    अंन अंगरेजी, न्याव करन अदूली कों।
'सुकवि गुपाल' करि मामले हजारन के,
    मार्यो करें माल करि कायन–मकूली कों।
बैठि करि मेज, पै मजेजई सों रहें बैर
    जासों परिजात, ताय करि देत धूनी कों।
आवत सहूसी, सोम रहत हजूली, सदा
    याते यह काम भलो सदर सदूलो कों॥

---

१. यह शब्द मु. है में नहीं है।

स्त्री उवाच

दोहा

सूली को चढ़िवो रहै, हूली हिय के मांहि।
हाल अदूली होत है, सदरसदूली पाइ॥

कवित्त

जाननें परत है अनेक अँगरेजी अंन,
जात दिन रैंनि वर्त्त कायल-मकूली कों।
'सुकवि गुपाल' जोपै जानें फरेब तौ फरेबी
के, करैयन ते पाइ जात धूली कों।
न्याव निबटैबौ, पून स्यावति कौ कैबौं, बहु
रिसवति लैबौ इह कांमह अदूली कौ।
रहनौं हजूली कौ, चढ़िबौ है सूली कौ, सुयाते
नहिं कीजे कांम सदरसदूली कौं।

नाजर : पुरुष उवाच

हाजर करिकें जानि कू नाजर बनिहूँ जाइ।
फाजर धन लाऊं घनौं, यौं कमाय कें आइ॥

कवित्त

मान्यौ करैं लोग सब[1] जान्यौ करें अंनन को,
मेज के अगारी जवाव करि कैं छड़े रहैं।
साहब कौं अरजी सुनाय समझाय कें,
दरोगन ते मिलि माल मारत घने[2] रहैं।

---

१. है सब २. है. बड़े

झूठन कौं साचौं, साचौ-झूठौ करि-क   परे[1]
परचा कौं लै करि जितैवे कौं अरे[2] रहैं ।
'सुकवि गुपाल' सदा नाजर भये पै, लोग
हाजरी की दैर, आगैं हाजरि परे रहैं ॥

स्त्री उवाच

सोरठा

झगरन में दिन जाय, राति-दिना धरा रहै ।
रहियै गाजर पाय नाजर कबहु न हूजियै ॥

कवित्त

लागत सराप पाप[3] करत फरेबी जब,
झूठी साचौ[4] करि जावौ-तावौ बुरौ करियै ।
नाजर कहावैं, निरधन कौ सतावैं, परलोक
दुख पावैं, औ' अकारथ ही अरियै ।
'सुकवि गुपाल' बहु हाजरी कै होत सदा
साहब सौं[5] अरजी सुनावन मैं डरियै ।
रज चाटि मरियै, कि और कछु करियै, पै
अँगरेजी लोगन की नाजरी न करियै ।

थानेदारी : पुरुष उवाच

बैठि अदालति नाम की बनिहौं थानेदार ।
करहु जोर तुरमीन कौं जारि जुलम दरबार ॥

कवित्त

रैयति पै हुकम जमैयति रहति, पास
पैयत अनेक सुप, सदा पाने-दाने में।
कांपत मुगल-चोर, डरत फरेबी-ठग,
करत सलामी आय बैठे ही ठिकाने में।
'सुकवि गुपाल' सांचे झूंठे कौ करत न्याव,
लेत मुंहमागे दाम, मामले जिताने में।
रहै बीरबाने, सब गाम होफमानें, याते
येते सुप होत थानेदारी पाइ थाने में।

स्त्री उवाच

सोरठा

माटी रहति अजीज, निसदिन थानेदार की।
बवत पाप के बीज, रैयति दीन दुपाइ के॥

कवित्त

गाम परवस्त, जबरदस्तन पै दस्त दिन
अस्त तें फिस्त गस्त समस्त दगागी में।
नालसि कौ डर, रहै बिददनि कौ भर, सदां
बिगरै जुबान, बुरौ बोलै देत गारी में।
होइ गैरि हल, हाज लिपै न हवाल जीवै,
आवै¹ चोट-फेट, कहूं होत चोरी-चारी में।
'सुकवि गुपाल' यामें रहै मार मारी, याते
येते दुप भारी, सदां होत थानेदारी में॥

---

१. है. मु. फेंट

चपरासी : पुरुष उवाच

चपरासी–सिरकार की जब बाँधत चपरास।
हुकम उदूल करै न कोइ, भूप जात है त्रास॥

कवित्त

हुकम अदूल करि सकतु न कोऊ, कहू
ताकौ काम परै गिरदारन[1] के पासी कौं।
मार्‌यौ करै माल, धमकाय कै हजारन ते,
जाकौ नाम सुनै भूप सूपत मवासी कौं।
'सुकवि गुपाल' तकसीरवार जते, जिन्हें
भार–बाँध करि, सूधे करै मकलासी[3] कौं।
नात बनै पासी, कर्‌यौ करत तलासी, याते
बडौ सुपरासो, रुजिगार चपरासी कौं॥

कवित्त

दोहा

रुवाब, तेज, कूरनि त्रिना, जो बाँधत चपरास।
काम होत नहिं ऐंथ हू, दरस नहीं मोजू तास॥

कवित्त

टटे औ' फिसाद कै विवादन मैं जात छिन,
ताके[4] सुन बैन निकरैं न मकलासी कौं।
'सुकवि गुपाल जू' दिवानी–फौजदारी बीच,
आवत औ' जात होत भोगिबौ सुरागी कौं।

---

१ सुवाद २ [illegible] दरकी कौं निकारत ३ सु [illegible] ४ सु[illegible]
[illegible] ५ है बो

मारत मे मार, तकसीरवार मर्गे, जीपै—
तोपै ताही बार, यह पावनु है फाँसी कौ ।
होत अधरामी, सिरकार की पवासी, करि
याते दुपरामी, रुजिगार चपरामी कौ ॥

परमट पुरुष उवाच

तेज जोम मन में रहै परमट कामहि नेत ।
माल मिलै महसूल को, ब्योपारिन सों हेत ॥

कवित्त

जाके हाथ हैकें जागी होत है रमन्ना
सब करिकै नलामी रोकि रार्ये जोमवारे कौं ।
परयों करे आव कें बिपारिन तें काम, तासौं
हुक्म चलायो करें पीकरि तिजारे कौं ।
कहत 'गुपाल' तईनात चपरासी घर,
बैठे ही हजारन के करें वारे-न्यारे कौं ।
काम सरै सारे, दबै महसूल वारे, याते
होत सुप भारे सदा परमटवारे कौं ॥

स्त्री उवाच

दोहा :

नितप्रति रहनि अपराधि बहु, देत लेत महसूल ।
याते कीजे काम नहि, या परमट की भूलि ॥

१. हैं. ने २. नु हैं. नेत मे ३ मु. हैं. को ४. है. ताते मु. जोर्दै ५. है- गादी

अरनों परत मग मांझ-दिन राति नित,
प्रात ही ते यामें काम परें गरमट[१] कों।
लिपत पढत अरु माल की तलासी देत,
लेत में सिथिल करि देत[१] परमट कों।
निरदय है कें, बुरें बोलनों परत, जारी
करत रमन्ना, परें काम झुरमट कों।
'सुकवि गुपाल' लोग देत रहे गालि, [याते
भूलि कें न कीजें कबौ काम परमट कौ॥

मीरबहारी : पुरुष उवाच

सब सहरी जासों दवत, अरु लहरी बहु होत।
मीर बहरि के बैठते, गहरी आमदि होति॥

कवित्त

घाट-घाट बीच बड़ ठाठ सों रहत. दूने
दाम लेत तासों, सोई बोलतु अमेंठ सें।
'सुकवि गुपाल' रोकि राखें राअु राजन कौ,
काहू ते न सकें, माल मारें घुस-पैठ तें।
दवत रहत [illegible]र-पार के जवैया लोग,
भोग [illegible] करें काम सरें सब मेटतें।
सबही सों पैंठ, नफा मिलति इकठ, बडी
[illegible] मीर बहरी के बैठतें॥

---

१ मु [illegible] होत १ यह प्रसंग मु-
मे नहीं है।

स्त्री उवाच

दोहा

दुरमति तेज अरु' हौफ बल, धन बहु घर में होइ।
मीर वहरि के कांम कौं लेय यजारौ सोइ ॥

कवित्त

मारनो परत है मिदाग्नि सौं मूड, बुरें,
वोलत में यामें, कछु जाइ जस लीजै ना।
'सुकवि गुपाल' जोनों लालों रह्यौ करें, तौ लौं
गोनक के दांम नें यजारे मांझ दीजें नां।
विद्दति रहति है, सितानो औ' तुफानिन की,
श्राप लगें जाकौं, ताकौ अुतरन दीजें ना।
निसदिन ही जे, वदवार देपि पीजें, याते
मूलिकें यजारौ मीर वहरी कौ लीजें ना ॥

जमादारी : पुरुष उवाच

मांनत सकल सिपाह, हित, नांम रहत अुद्दौत।
हुकम इलाके[1] वीच बहु, जमादार कौ होत ॥

कवित्त

सदां दरवाजे दरवाजन की चौकी पर
करत अवाजें औ' नवाजें लोग भारी कौं।
'सुकवि गुपाल' सदां गहरे मिलत माल
मिलकि मकांनन[2] के इनरत बारी कौं।

---

१. मु. इलाके २. है. मु. मौरासित

हुकम रहै भारी,[1] सुनें सबते अगारी बात,
पामें मुपत्यारी, सब काम की तयारी कौं[2]।
राज दरबारी, बडो होत तेज धारी, याते
बडौ सुपकारी, यह काम[3] जमादारी कौ ॥

स्त्रीवाच

दोहा

यतने[4] दुख नित होत हं, जम्मादारी मांझ।
बिद्दति ही में होति नित, सदा भोर ते साँझ ॥

कवित्त

करत सिपाह सिर याके परें आय, नित
रापनी[5] निगाह परें, नजे नरनारी में।
गाम के हवाल-हाल सुनने परत नित[6]
कहने परत पुनि जाइ दरबारी[7] में।
'सुकवि गुपालजू' यलापे बीच चोरी होन
आवें चोट[8]-फेंट गस्त देत चोरी-चारी में।
छूटे घरबारी, रहै रानि दिन ध्वारी, याते
होत दुप भारी जमादारी जमादारी में[9] ॥

चौकीदारी[10] : पुरुष उवाच

जागो जागो कहत, गत्र जागौ[11] जाकी बूझ ॥
चौकीदारी करत होइ, चोर ठ[illegible]ग की सूझ ॥

---

१ है मु भारी २ है मासिपाइ हकारी का, मु सिपाह कौ हुश्यारी को ३ मु है [illegible] ४ मु इतने ५ मु [illegible] करना मु० करनी निगाह है परत नरनारी म। [illegible] मु [illegible] ७ है [illegible] में ८ है [illegible] ९ है रात दिन [illegible] छूटि जात घरबारी, कौ दुख रहै भारी [illegible] जमादारी म। मु छूटे घरबारी रहै राति दिन [illegible] याते दुख होत [illegible] जमादारी म। १० यह शब्द मु में नहीं है। ११ [illegible] शब्द है।

कवित्त

मारयो करै माल, ठग चोर औ' डकैतन तैं,
राख्यो करै राजी नित हाकिम दिमांन कौं।
'सुकवि गुपाल' चुगी सब पै लगाइ, और
पराअु ते अुगाहि दांम, वतन न आंन कौं।
सेल चमकाय, चपरास कौ झुकाइ, आय
आपने थलापन, मैं आछौ मिलै पांन कौं।
देति बस्ती मांन, दयौ करै हस्ती मांन, यातें
बड़ौ मस्तीमांन, यह कांम गस्तीमांन कौं॥

स्त्री उवाच

दोहा

दिल होइ मस्ती मांन पुनि, रह न दुरस्ती मांन।
मन में तस्तीमांनि कैं, होइ न गस्ती मांन॥

कवित्त

चोरी-डाके परैं, मारे परिहौ गुहाल, मार-
बांध भयैं भारी, रोब कारी मांझ दहिहौ।
गस्त देत गली औ' गर यारन के मांझ आधी-
राति पिछराति कौं पुकारत ही रहिहौ।
देसौं-परदेसिन कौं करत हुस्यारी, बैल-
तेली के लौं बहि, सुघ सेज कौ न गहिहौ।
'सुकवि गुपाल' मेरी बात कौं न गहिहौ, तै
बड़ो दुख भारी, चौकीदारी मांझ सहिहौ॥

गवाह: पुरुष उवाच

बनि गवाह गुजारि हौं, अबहिं गवाई जाइ।
कवि 'गुपाल' धन लाइ हौं, तेरे पास कमाइ॥

कवित्त

लीयें रहै मन, जन घने रहैं साथ, मिलें
पान-पान आछो[1] मामले के सम्हरत में।
होइ सावधानी औ' जबानी साफ होति, यामें
आवति फरेबी, झगरे के झगरत में।
'सुकवि गुपाल' जाय बूझत अनेक आय,
मानन दवाय सदा चीवन मरत में।
जीतत अरत, सरकार जे करत, हाथ
दौलति परति, या गवाई के भरत में॥

स्त्री उवाच

दोहा

होइ[2] चैन पानों जहां तनक फरेबी माहिं।
याते जाइ गुजारियें, कहू[3] गवाई[4] नाहिं॥

कवित्त

बोलि झूंठ सांन, गगा धरनी परनि हाथ,
रहै धक-धक देह काप्यो करै ताई को[5]।
अरनी दीजे[6] पै कहूं निकरैं फरेबी जगी—
मानौं जेलखानौ,[7] चैनमारि होन चाई कौ।

---

१ है मु, आछौ २ है होत ३ है मु कवहु ४ गवाही ५. मु गाईं को। ६ मु दवे ७ मु जेलखानो

सुकवि गुपाल' मुद्दईते वैर वधैं. औ' सदां
को दाग लगै, यह कांम वुरवाई को।
वेंपे चतुराई. छल–वल अधिकाई याते
सवते कठिनि है. गुजारिवो गवाई को।

फौजदारी : पुरुष उवाच

करिकें स्यावति[1] पूंनकी. गवाहन कौ गुजराइ।
मुद्दईन कौ देतु है. जेलपांन[2] डरवाइ॥

कवित्त

देपत ही होइ वेगि फैसला मुकद्दमा को;
जात सुनी जाति वात अरजी कों लीये ते।
नायव[3] औ' मुनसी ते[4] मिलें पूंस–पन्चरते[5]
जीतें चंग स्यावति, पक्षारन के जीअेते।
पून करि स्यावति, गवांह गुजराय, नाम
पावै जेलपांनें. मुद्दई कों डारि दीअे ते।
'सुकवि गुपाल' होत जेते सुप हीयें, सदां
फौजदारी मांहि, जाइ नालसि के कीअेतें॥

स्त्री उवाच

दोहा

नालसि कीअे पैं, कहूं पून जु स्यावनि[6] होइ।
होइ जरीमानौ परै, जेलपान में सोइ॥

---

१. मु. स्यवत २. मु. जेइलखान ३. मु. नाजर ४. मु. दों ५. दै
६. पून सुं सावुत होइ।

कवित्त

घूंस लोग पाइ, झूठे परचा सिवाय, हाल
हुरमति जाय, यामें चलति न यारी की।
तलबी भएपें, जात मुसक बँधति, हवाला-
यति में रहें सहै आच दरबारी की।
गवाहन[1] सहिति पून स्याबति[2] भऐ, हाल
जेलपानी होत, वान सुनत यझारी की।
'सुकवि गुपाल' यामें होनि मारमारी,[3] यान
नालसि न कीजे कबी भूलि फौजदारी की॥

दीमांनी : पुरुष उवाच

दीमानी में जायकें, जब कोऊ अरजी देत।
स्याबनि[4] गवाह गुजारि कें, जोनि मामलो लेत॥

कवित्त

परचि के पाच परवावन पचास पर्चे,
करि कें अपील, जिंचि[5] करत हिंगानी में।
आप सुपचार, दापलावनि करत, भुगतायो
करें काम, घर बैठेही जवानी में।
'सुकवि गुपाल' मुकदम्मा में मुद्दई सों
जीतें जग स्याबनि गवाह गुजरानी में।
ऐन कों न जानी, जानें[6] फरेब की बानी, करें[7]
आपनी-बिरानी, देत अरजी दिमानी[8] में॥

---

१ मु गवाहन २-४ मु साबुत ३ मारामारी ५ मु जिंच ६ मु बानि ७ मु होत ८ मु दिमानी

स्त्री उवाच

सोरठा

कछू न आवै हाथ, सांचो न्याय[1] न होइ कहुं।
पांय[10] पाल लुड़ि जाति, या दीमांनी के गये ॥

कवित्त

महु[1] नहि देपे, जाके[2] चाटने परत पांय,
घूस—परचा के दाम, बहि जात पांनी में।
पायन की पाल लुडि जाति जात—आवत
मुकद्दमा कौं हारें ज्वाब दई की जबानी[3] में।
'सुकवि गुपालजू' मुकद्दमा में मुद्दई सौं
जीतें जंग स्यावति गवाह गुजरानी में।
औणन कौ जानी जानें फरेब की बानी, करें।
आपनी विरानी देत अरजी दिमांनी मैं ॥

अपील : पुरुष उवाच

नाम होइ जग में, न कोऊ जिदि सकै बहू
आमें दाय धाइ, घर भर्यौ होइ रीते तें।
परचा समेत ताको दाम मिलें परे, होइ
मुद्दई पराव, सब डरें जाकी भीते तें।
'सुकवि गुपाल' अमला के लोग राषें हित,
नित्र घुस रहें, होइ काम चित चीते तें।
वैंघरि मन्दीन्द, मोटो फूलि होत डील, होत
पोन को सो चढ़िबो, अपीलहि के जीते में।

१. न्याव २. मु. पाउ ३. मु. नहें ४. मु. ताको ५. वृ. मलामी
६. यह प्रमम है मु. मे नही है।

स्त्री उवाच

कवित्त

भील सौ कुचील चील सग मडरानौं परै,
घर में न कील, रहै दुग में पगतु है।
सगै वहु ढील, हारे पील न मिलति, परो
करनी सफील, हारैं भूक्तु जगतु है।
'सुकवि गुपाल' हील–हुज्जति के होत, लागै
सील कौ सो टीको, दिनरातिहि भगतु है।
जात सब सील, दुप पावै निज डील, याते
पील को सौं परच, अपील कौ लगतु है॥

तिलगा[१] पुरुष उवाच

पात तत्व नित माल कौ, रहि पलटनि के सग।
तिलगान के हुकम कौं, कोउ न करि सकै भग॥

कवित्त

बांधत सगीन सो सगीन रहै रण बीच,
लरत सगीन सग रापे फौज रगा की।
'सुकवि गुपाल' लैके लापन की भूंजि डारै,
गढै फोरि डारै, मारैं फंड़ बोलि जगा की।
डरत कबीन, ज्वाब देत है फिरगीन कौं,
माफी होति, किती तकसीर वर्त्त दगा की।
करैं राग रगा, तत्व होति नहि भगा, यावे
सबही में भली यह चाकरी तिलगा की॥

---

१. यह प्रसंग मु. १ में नहीं है।

स्त्री उवाच

कवित्त

सीप मिलें कबौ न अुमरि बीति जाय, करनी
परति कवाज अँगरेजन के संगा कौ।
बढ़ि के 'गुवाल' ठाठ लै करि संगीन, वारि,
जोरि मुज्यौ करै फंड़ बोलत में जंगा कौ।
बुरे दुप पामैं, अेक ठौर न रहन पामैं,
देसन भ्रमावैं अेरा जानत न रंगा कौ।
कसि करि अगा, नरनो परै जोरि जंगा, यातैं
बड़ेई अडगा की सु चाकरी तिलंगा कौ॥

वंदीखाने[1] : पुरुष उवाच

मारि माल सुख सौं रहै, दै जुवाव सो नांहि।
मुद्दई को भारे परै, दो आना नित दांहि॥[2]

कवित्त

भलौ बुरौ[3] करैं होति दादि न फिरादि, जाकी
चाहै ताहि लूटैं, डर रहत न थाने कौं।
'सुकवि गुवाल' तन हृष्ट[4] पुष्ट होत, पाने–
दाने पुग रहै, नित लेकैं दोइ आने कौं।
बोहरे रु गद्दई कौं करिकैं हिराने सो
निलाने[5] बैठ्यौ रहै नित लेकैं दोइ आने कौं।[6]
होत हे अमाने, माल मारि कैं बिराने, ढीठ
होवह निदानैं, सुप पाइ वंदीषाने कौ॥

---

1. मु. जेलखाने को इस्तिगार २. यह दोहा वृ. में नहीं है ३. मु. बुरो भलो ४. वृ. हप्ट ५. मु. निराने ६. मु. में यह द्वितीय चरण है।

स्त्री उवाच

कवित्त

धूरि परै जनम, करम-क्रिया बने नही
आवति सरम पेट भरत न आने में[१]।
जाकी[२] 'सो गुपाल' हया हुरमति जाति तहा
गरत है गात वहु गैरति कमाने में।
पोदत सरक, बेधरक न रहत, औ'
नजरिबद हैकैं[३] रैनौं परे फंदपाने मे।
मार परें जानें बैरी परै पाइ याने, अकिलि,
ग्रावति ठिकानें बहुआ की बदीपाने में ॥

इतिश्री दंपतिवाक्य विलास नाम काव्ये राजप्रबंध वर्णन
नाम सप्तदशो अध्याय ॥ १७ ॥

१ मु आवत सरम भर भरे नहीं आनें म। २ मु तारी
३ ह्वै के

अष्टादश विलास

वनज प्रबन्ध[1] : बनजप :

वैश्य रुजिगार[2] : पुरुष उवाच

धन संचय करिके बहुत, राखत बीच बजार।
याते सबही में भलो वैश्यन को रुजिगार।

संमत–कुसमत में राखिलेत लाज, राउ–
राजन की बाटैं बंद करत निसाको है।
या ही ते जगत मांझ मेवा को कहत वृक्ष,
ताते सदा होत प्रतिपाल दुनिया को है।
'मुरलिद गुपाल' काम परैं सबही सो सदा,
घर भर्‌यो रहत कुबेर को सो ताको है।
वणिज को पाको, धन जोरन मजा को, काज–
करनी को बांको मो बनाया बनिया को है।

स्त्री उवाच

दोहा :

पहिले नरम, पाछे नरम, काम भये कररात।
याते यह बनियान की, शिश्न तुल्य है जात॥

कवित्त

जानिके निकस, चाहे सोई [illegible] लेइ,
मानत न नेक कानि–कानि कोऊ ताकी है।
साहु बन्यो रहै अरु चोरी को करत काम,
दिन ही में काट्यो करै गांठि दुनिया की है।

---

१. मु. अथ वैश्य रुजिगार २. यह प्रसंग वृ. में नहीं है। मु. से यहाँ दिया गया है।

'सुकवि गुपाल' वहु जानते को मारे कौन,
काम भये पाछे फिरि जाति आँखि जाकी है।
लार गिरै जाकी, जानि सिडिविडिन ताकी दर'—
—पोकनी सदा की, यह जाति वनिया की है।

वनिज : पुरुष उवाच

दोहा

अबै वनिज कौं जायकैं, उद्यम करिहौ नाम।
सब जग जाके करैते पात नियत निज धाम[1]॥

कवित्त

वेद यों कहत, सदां लक्षमी रहति वडे
सुपन लहत, वात वनी रहै धज की।
सारत गरज, परजा के दुखी दीनन की
समन-कुसमत, म रापै लाज [illegible] की।
वडे धनमानन की, कमेरे[2] किसानन की
विगरि ईमान नफा लेतहू अपज की।
भरे रहैं माल, रिन माँग्यौ मिलै हाल, यातें
कहत 'गुपाल' बड़ी वानह[3] वनज की॥

स्त्री उवाच

दोहा

वनिज-वनिज सब कोऊ कहै, वनिज करो मनि कोइ।
जाकी हानी मार की, वनज करैगो गाइ॥

---

१ है मु जाम वाते मुर मदा न म करत यहान॥
२ है म सुकवि गुपाल पर बैठे हीं—।
३ मू वात है।

कवित्त

उटि जाय[1] माल तौ रकम रुकि जाय पुनि
घुनि सरि जाइ[2] बहु दिनके भरत[3] मैं ।
होइ जोप्यौ ज्यांन, चैंयै टाटरु[4] पत्नांन, धनी
देर न लगति, व्याज भारें के चढ़त मैं ।
आगि पाणी डीम मूसे ससे फौज–फाई डर
चोरन कौ रहत दुकान के भरत[5] मैं[6] ।
कहत 'गुपाल' कछु हाथ न परत बहु
पचि पचि मरत या वनिज करत मैं ।

बहुवनिज[7] : पुरुष उवाच

व्यापारन के बीच मैं, वनिज समान न कोइ ।
जो कछु होत किसान के, सो घर याके होइ ।।

कवित्त

रुई के वनिज नफा मिलि जात हाल, नाज–
वनिज अकालन में खोलि देत कोठो है ।
धातु के वनिज में न घुने–सरै माल कोऊ,
पट के वनिज में बिचारत न खोटो है ।
वनिज किराने में ब्यौसत अनेक जीव,
तेल–घृत वनिज में धन्यो रहै मोटो है ।
'सुकवि गुपाल' कोऊ कहत न खोटो बहु,
वनिज के करिबे में आवत न टोटो है ।

---

१. मु. हे. वूडि जात २. मु. हे. सरिजात ३. हे. धरत ४. हे. मु.— हे. मु. औ' ५. हे. धरन ६. मु आगि, पानी, दीम, मूसे, ससे, फोजफाई डर चोरन को रहन दुकान के धरत मे ७. यह विषय केवल मु. में है ।

स्त्रीउवाच

दोहा

१ई, नाज, घृत, तेल पट, धातु किरानन लेत।
ब्याज' र भारे वे चढे, यामें टोटौ देत॥

कवित्त

१ई के बनिज पानी–आगि को रहत डर,
नाज के बनिज में नरक वास लेते हैं।
तेली से रहत तेल–घृत के बनिज गाढ़,
बनिज किराने में प्रदेश डरा देते हैं।
धातु के बनिज मांझ जिय को रहत ज्यान,
पट के बनिज में कपट–झूठ वेते हैं।
'सुकवि गुपालजू' कहे न जात जेते बहु,
बनिज के करिबे में होत दुख तेते हैं।

नाज वनज[1] : पुरुष उवाच

यौं पत्ता[2] भरि नाज कौं, करत बनिज जो कोइ॥
ता ब्यौपारी कौं सदा वतने गुग'नित होइ॥[3]

कवित्त

व्यौमें जीव–जन्तु, औ' अनेक जीव जीवंया सौं
दूनी होति नफा कोठे–पास के भरैया की।
बौहरे–किसान, औं' बिपारी–धनमान जाके
दुवार ठाडे रहें, यौ पुमामदि करैया की।

१. मु मडी का रजिस्टार। २ मु धाला। ३ मु नाडा गरी मुन
४, इतन मुग निन होइ।

रहत 'गुपाल' यह अन्न में अनेक धन
संमत–कुसंमत में बात न टरैया की।
पंज को परैया, दीन दुःषको हरैया, याते
सबही में सिरें वात, नाज के भरैया को ॥[१]

कवित्त

देसन में आढ़ति बिसाहत जिनसि सब,
कोठा पास–पत्ती भरि लेत भाव झंडी के।
अन्न–गुर–चामर–किराने आदि सौंज बहु,
महँगे भजे पर निकासैं राह डंडी के।
जोरि–जोरि धन करें परच, बधाई–व्याह
ब्रह्म–भोज, नाम, हनुमान–हरि–चंडी के।
'सुकवि गुपाल' प्रजा पालत हैं हाल, याते
दया–धर्म–धारी अुपकारी[२] होत मंडी के ॥

स्त्री उवाच

दोहा

वेचन काजैं नाज कौं, वनिज न कीजे कंत।
जीवत देत धिक्कार नर, नरक जातु है अंत ॥

कवित्त

भूषौ-प्यासौ देषत में दया नहीं आवैं सम–
पेंज में रहत, बेचि सकत नही फुरती।
'सुकवि गुपाल' सो अकाल ही कौं देष्यौ करें,
माल घुनें–सरे जब रोयो करें भरती[४]।

---

१. यह पूरा छंद मु. और है. मे नहीं है। यह वृ. मे एक अतिरिक्त छन्द ही है। २. मु. उपकार ३. मु. धरती

चरपा न होइ, भूपे[1] गामन के लोग पों–
उपारि पाय जाय, जब पोंचौ करें घरनी ।
मरनी कपत में नरक जाय, मखनी सों,
यान नहिं कीजै कबौ नाजन की भरनी ॥

घी–तेल वनज : पुरुष उवाच

वनिज करत घृत तेल को इनते सुष नित होत ।
'कवि गुपाल' नितने गुनौ, हममों बुद्धि अुदोत ॥

कवित्त

सबके सरस नफा लीयौ करें नित प्रति
करि के मिलाजु वेच्यौ करें भड़मागी कों ।[3]
'सुकवि गुपाल' जिम्नि कटअू कों[4] लेन–देत,
मार्यौ करें[5] मजा सों विमानन की नारी कों ।
दादत में माल, लान बने रहैं गाल, पान–
पान[6] की मरम सुष होत घरवारी कों ।
देह होनि भारी, रुप रापत विपारी, याते
होत सुप भारी, घृत तेल के विपारी[7] कों ॥

स्त्री उवाच

दोहा

तेल[8] घृत के वनज में रहत सुचीतें गात ।
लेन देन कटअू जिनमि, निसदिन होजन जात ॥

---

१ मु मिति २ मु घृत
३ मु छाँटि कों मिलाय बेच्यौ करें नर–नारी को । ४ मु क
५ मु लोटो करें ६ मु पकवान ७ मु बापारी को । ८ मु [illegible]

कवित्त

तेली के से पट जामें चीकने बनेई रहे,
मैली[1] होत गात सो करत यह पेल कौं ।
'सुकवि गुपाल' पैलें देत परै दाम, पाछे
जिनसि के देन में, लगावत अबेल[2] कौं ।
गिरे पैर पाछे, कछू हाथ नहिं आवै, नप
फाँस लगि रहै घेरा साझ लों सबेल कौ ।[3]
लगन झमेल, मन रहै उरझेल, यातें[4]
कबहू न कीजिये बनिज घृत-तेल कौं ॥

नौन बनज[5] : पुरुष उवाच

बिगरै न कबी, सुधरे,—सुधरैं मन होइ रहै सुअधी नहिकौं ।
बहु पाय सकै नहिं कोऊ कहू, परौ पर्न रहै नहिं गौनहि कौं ।
सु उजागर है सर आगर मैं, नफा नीयो करै भरि भौनहि कौं ।
कह 'रायगुपालजू' यातें सदा रुजिगार भलौ यह नौनहि कौं ॥

स्त्री उवाच

दोहा

छीजि छीजि कै रहत है, मन कौ जबै अधीन ।
बैठि रहै जब मौन गहि, नौन बनज करै तौन ॥

---

१. सु. मैले २ सु. झमेल को । सम्भवतः यह झमेल है ।
३. सु. लग्यो रहै घाम सदा सांझ लौं सबेल को ४. वृ. उरझेल ।
५. यह प्रसग सु. मे नहीं है ।

कवित्त

नीम पै न बिक, परै पौनिनने काम महसूल,
लगै घनो, ताप बावै बहा बीन कौ।
दैनी परै तोलि कै अधीन कौ पचीस सेर,
पानी होत हाल, पुरवाई लगै पौन कौ
'सुकवि गुपाल' बुरी मौन की रहत नीन
बेचाही कहावै नेम रहनि न गौनकौ।
गरे गान गौन, बुरो रहै हाट भौन, याते
सब पै नहीन को बनिज यह नीन कौ॥

गुरखाण्ड बज[1] : पुरुष उवाच

मीठो मुख सबको रहै मीठो रहै न कोइ।
भरि दुकान, गुरखांड को, बनिज करनु है मोइ॥

सवैया

सदा ब्योम्पो करै निनगो, गगहो, मुख मीठो रहै मुहमारन कौ।
बढ़ै आढ़नि देत बिदेसन में, बोरे थैला बचै घरवारन कौं।
हलवायन सौं रहै प्यार घनो, नफा होनि उठै बिचवारन कौं।
यह 'गपगुपालजू' बजन में सदा बज भलौ गुरखाड़हू कौ॥

कवित्त

हाथ-पाँव बगन बिदकनै रहत, माखी
भिनिरि-भिनिरि करि पाजे जात ख़ुर कौ।
धरन अठावन मे, पाजे जात रोग जाह,
बानिगेन हौं में सीपो जात लोग मुर कौ।

---

1 यह भी मूल में नहीं है।

'सुकवि गुपालजू' दिसावर कों लेत प्रान,
सासन ही जात भाऊ ताऊ लेत धुर कों।
वढ़ो रहै डर, जाय सकै नहि घर, यातें
भूलि के न कीजियें, बनिज पाडगुर को ॥

रुई वंज : पुरुष उवाच

सकल किसानन वजई,[1] आवत कबहुँ न लंज।
करत रुई के वज मे, दामन के हौंइ गंज ॥

सवैया

व्यौसत है जासौं ओटा अनेकन,[2] *होइ कवी पटकौ न रुई कौं।*
काटि कपास किसानन तेऽहि, डाटिके लेत नफा सवही कौं।[3]
(कवी)लादिचढ़ावैं दिसावरकौं,तब[4] बेचत बज लगै न कोई कौं।
'राय गुपालजू' वजन मैं[5] सवही मे भलौ यह वंज[6] रुई कौ ॥

स्त्री उवाच

दोहा

याके वदलत भाव में, टोटो आवत हाल ॥
याते भूलि न कीजिए रुई बनिज त्रिय हाल ॥[7]

कवित्त

व्यौपारी अुटैयन कौ रापनौ परत रूप
आगि–पानी–डर नेक नहीं कहुं ग्रिज मैं।
'सुकवि गुपाल' पय जोवनी कहत, भाव
बदल्यौ करत, नफा मिलै नहीं रिज मैं।

---

१. मु. बचई २. मु. जीवत जात है ओटा अनेकन ३. मु काडि किसाननतें सौं कपास, डेढायकें लेन नफा सवई कौ। ४. मु. तहाँ ५ मु, राव गुपाल है याते मदा ६. मु. रजिगार ७. यह दोहा वृ. मे नही है।

चैयें ठौर धनी, डाटैं जौपैं होइ धनी, भाव
जब बढि जाइ लोग आय आइ विजमें।
जमा जाय छिजि जूती देत भिजि भिजि, दुख,
होन हियें निज, जेते हुई के बनिज मैं॥

फिराने : पुरुष उवाच

दसन में आढनि रहनि[1] वाढन है बहु दाम।
जीव-जतु ज्यौसें बहुत, भरत किरानें धाम॥

कवित्त

आढति के लोग मान भेजिवौ करत, मिलै
भरनै मरस नफा,[2] माल के किराने कौ।
सुकवि गुपाल' जीव ब्यौसन अनेक नित
जामें दज्यौ करै लोग सकल रखाने कौ
अेक की नफा लें, टोटे ओर पै में देत, हानि
आवति न बहू,[3] सदा आछे मिलें पाने कौं।
आपने-पिरानें, दाम रहत घराने, वो
अघाने-पाने होन, वन करत किराने कौ॥

स्त्री उवाच

दोहा

देस विदेसन जाइ कैं भरत किराने सोइ।
मंदवारे के विरत में टोटौ यामें होइ।

---

[1] मु रहै २ मु दाम ३ मु म। ४ मु कर्मू

कवित्त

आढति बिगरि, कांम सरत न धेक, भाअु
    रापनी परत, यादि सकल मकाने कौं।
'सुकवि गुपाल' जानौ परे परदेस, माल
    भलौ बुरौ दीयें, धूरि परत जमाने कौं।
भेजत में भाल, माल मागत गुमास्ते ही,
    आस्ते ही पटै दाम सकल रकाने कौं।
रहत मलाने, बस परत बिराने, बड़े
    होत हे हिराने काम करत किराने[1] कौं॥

वस्त्र बनज[2] : पुरुष उवाच

नअे पुराणे ते सरस, जामें मिलि बिकि जात।
बडे बस्त्र के बनिज कौ, याते मन में बात॥

कवित्त

बकुचा लगाइ, बटी सज कौं बनाइ, रहै
    सीतल सुभाय, कबी रापै न मिजाजी कौं।
'सुकबि गुपाल' सदां संमत कौं चाहै, ड्योढ़ि
    धरम के नैकै सदां सारें परकाजी कौं।
छीपी रँगरेज रुप रापत रहत, त्योंमें
    दरजी–रजक रापें कोरिया की वाजी कौं।
होति वृद्धि झांझी, जाने मन रहै राजी, याने
    बड़े सुप मांजी को गुबनज बजाजी कौं॥

---

१. वृ किरांणे
२. यह प्रसग मु. मे नही है।

स्त्री उवाच

दोहा

आप लाभनी परतु है, देस बिदेसन जाइ।
ताते पट के बनिज कौ, ऐसौ है दुखदाइ॥

कवित्त

गरि-सरि जात, कहु धरें भइभरि जात
काटि जात मूसे, मसे देखि पट ताजी कौं।
'सुकवि गुपालजू' बजाजन कौं देत कछु,
मिलनि न नफा राखें गाहक की राजी कौं।
मोगँद कौं पाय नफा धरधम ते लेनी परै,
दैनी परै जमा, पाछैं आधी गनि साझी कौं।
नैन राजी-राजी, पाछैं देत नाराजी, करै
यातें बुरौ पाजी, यह बनज बजाजी कौं।

धातुबज[1] : पुरुष उवाच

रांग, जस्त, पीतरि, कसौ ताम्र, लोह के गज।
चाँदी, सोनौ रहत घर, बरन धात कौ बज॥

कवित्त

होत बड़ौ धनी, चहियें न ठौर घनी, कैंडू
चीज मिलै बनी, भलो भेस रहै गात कौं।
'सुकवि गुपाल' माल नगद सौ रहै, कोऊ
मागत न आइ सदा सानो रहै हाथ कौं।

---

१ यह प्रसंग मूल में नहीं है।

रारे सरे टरें, धरे, जरें, बिगरें न, नफा
मिलति इकट्ठौ सो दिसावर के जात कौ।
होत बड़ी घात, सोनी कमेरे व्यौसान, बड़े
होतइ विष्यात, सो बनज किये धात कौ॥

स्त्री उवाच

दोहा

आप लामनों परतु है देस-विदेसन जाय।
ताते धातु के बनिज कौ, पेसो है दुपदाय॥

कवित्त

देत-लेत, धरन-अुठावत, गहावत में
डर रह्यौ करें, टूटिबे कौ पांय-हाथ कौं।
'सुकवि गुपालजू' दिसावर के लावत में,
भरत भरावत में, करें प्राण-घात कौ।
कसेरे-लुहारन, रापने परत रप, छाति
डिगि जाति है, अुठाअे बोझ राति कौं।
कोअू न व्यौसात, कारे रहें वस्त्र गात, याते
बड़े अुतपात को बनज यह धात कौं॥

चूनावंज[1] : पुरुष उवाच

राज, कुम्हार, दलाल, पुनि कौकर-लामन-हार।
व्यौसत बहु जन करत में, चूने कौ विवहार॥

---

१. मु. मे यह प्रसंग नहीं है।

कवित्त

प्रीति बढ़ि जाति, यामें राउ अुमराअुन सों,
      चाअुन सौं मिले दाम, करै यह हट्टी कौं।
'सुकवि गुपाल' लोग चलन अनेक, याकी
      बिक्री लगै पै, हाल सोनो होत मट्टी कौ।
लैवै-दैवै काज को, दिसावरन जानो परै
      चौरें पार्यो रहै, याकी बिगरै न गट्टी कौ।
होत झटपट्टी, नफा मिलत इकट्ठी आमें
      दाअु-घाअु घट्टी, बज करतहि भट्टी कौं॥

स्त्री उवाच

दोहा

हट्टी घर की छोड़ि मन, रह भट्टी क माँहि।
जमा यकट्टी चाहियें, या भट्टी के दाइ।

कवित्त

बच्चे रहैं जौपै, तौपै मारे जाइ दाम,
      असवारी है सवै न, रज चढ़नि मगज कौं।
'सुकवि गुवालजू' न पावत भरावन मैं
      पेय पायो करै, वस्त्र रहत न गज कौं।
हानि-हानि रहै, हत्या हजारन जीवन की
      कौम नीच जानिन सौं रहै जिय झझकौ।
जानि रहै धज, हौंनो परै निरलज यातें
      मवहीं में बज को वनिज तुव पज को।

---

१. मु में यह प्रयोग नहीं है।

लीलवज : पुरुष उवाच

बीज गादि कों काटि कें, नफा घनेरी लेत।
कम्न लील कौ वज, होइ अँगरेजन सौं हेत ॥

सवैया

कवी ढील लगैं नहि बेचन मे, सदां देस-बिदेसन जात चल्यौ है।
अँगरेजन सी रहै प्यार घनौ, करे कोठी ते दीसें प्रताप बन्यौ है।
काढि कें गादि, दिसावर ते, भरि बीज में लेन नफा ससरो है।
'राय गुपालजू' याते सदा सबमें, यह लील कौ बज भलौ है ॥

स्त्री उवाच

दोहा

देत-लेन छूवत-छुअन, पाप लगन तन मंजु।
वेद पुराणन में कह्यौ, अधम लील कौ बंज ॥

कवित्त

स्वपच, गमार, जिमींदारन ते काम परै,
बड़ौ पाप लागै पेत हेकें जो निकरियै।
'सुकवि गुपाल' रुपै पैले-पाय बैठें लोग,
बाकी रहै जिनसि किसानन ते डरियै।
कूबा-यह बच्चा, कोठी करिबे कौं चाहै दांम,
नफा मिलै जबही, दिसावर कौं भरियै।
कारे कर करियै, औ' बामन ते मरिए, न-
याते भूलि लील कौ बनिज कहूं करियै ॥

१. म. मे यह नहीं है।

बौहराके[1] : अठवरिया : पुरुष उवाच

जुर्यो रहतु है जोहरा, सारि सोहरा काम।
ब्याज चौहरा आवही बौहरान के धाम ॥

कवित्त

पान खाय माल, नित देह राखे लाल, बने
लाल ए गुलाल, रहै राखि आनि-कानिया।
'सुकवि गुपाल' बहु जानि की ज चाहै दाम
उठतन न देइ ब्याज चौगुनी के पानिया।
हिये दया, दान, सदा रहत अमान, जैसे
बौहरे दलेल अठवारी नदवानिया ॥[2]

स्त्री उवाच

सोरठा

लेन आपने दाम, तिरिया बपत न देहुगी ॥
पारिन पानी राम, कबही अठवरियान सौं।

कवित्त

दया नहिं जाई, सो कमाई करि लेन दाम,
डोलै गाम-गाम, दरि रहै बड़ी मोटी है।
'सुकवि गुपाल' नित कुटन के संग बैठि
तिरिया-बपन, पाय सपनु न रोटी है।
बोलै-बुलराये डरै पटन है दाम तऊ,
सिर को पसीना आवै येड़ी नख चोटी है।
सब कहैं खोटी, दुरि होसु किनि रोटी, सदा
याते यह जाति अठवारिया की छोटी है॥

---

१ यह प्रसंग मूल में नहीं है। २ यह छंद अधिक है।

बौहरे° : पुरुष उवाच

मनै करे तैं वनिज ते, करै वहुरगति नारि ।
